सूविचार
ऐसा घाव जिससे खून ना निकले समझ लेना किसी अपने का ही दिया हुआ घाव है।

दैनिक
# इंटरनल न्यूज
सच की तह तक....
internalnews@gmail.com
www.internalnews.com



वर्ष : 11 | अंक : 02 | पृष्ठ : 08 | मूल्य 3 रूपये | भोपाल, शनिवार 29 मार्च 2025 | RNI NO. MPHIN/2015/61965

### 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित की 505 करोड़ रूपए की राशि

# मुश्किल वक्त में जरूरतमंद का सहारा है संबल योजना

**» गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण तथा उनका भाग्य बदलने के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार » संबल योजना का बैकलॉग किया जा रहा है समाप्त » मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को वर्चुअली किया संबोधित**

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए धनराशि जरूरी होती है। प्रसूति, बीमारी, दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। राज्य सरकार प्रदेश के गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण तथा उनका भाग्य बदलने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप अंत्योदय के कल्याण के संकल्प को प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 हजार 162 श्रमिक परिवारों के खातों में 505 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद कर उनके परिजन के निधन पर संवेदनाएं प्रकट की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल वर्चुअली शामिल हुए। प्रदेश के सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राही और जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली जुड़े।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के श्रमिक परिवारों का अभिवादन करते हुए कहा कि परिश्रम से अपने और अपने परिवार का जीवन चलाने वाले श्रमिक ही प्रदेश के विकास की नींव हैं। परिश्रम से ही प्रतिभा निखरती है और आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य का मार्ग भी बनता है। राज्य सरकार ने जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को स्कूटी और लैपटॉप देकर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर हो। हर परिवार आनंद और वैभव के साथ सभी जीवन व्यतीत करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शुचिता- पारदर्शिता और दक्षता के साथ जनकल्याण और विकास के लिए कार्य कर रही है। संबल योजना का बैकलॉग भी समाप्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रूपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक मानते हुए 01 मार्च 2024 से उन्हें संबल योजना में उन्हें शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना में शामिल किया गया है। श्रमिक बहनों को गर्भावस्था के समय काम पर न जाना पड़े और उन्हें पोषण भी मिलता रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने ऐसी बहनों को 16 हजार रूपए देने की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में श्रीमती अंजली रैकवार के पति के निधन पर 4 लाख रूपए तथा शेष चार हितग्राहियों को 2-2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वर्चुअली संवाद में मंदसौर की श्रीमती अंजली रैकवार ने बताया कि इस सहायता से उन्हें पर्याप्त सहारा मिला और वे अब ब्यूटी पार्लर का कार्य सीख रही हैं। शहडोल की श्रीमती मन्नू ढीमर ने बताया कि वे छोटी किराना दुकान संचालित कर रही हैं। दतिया की श्रीमती कल्लन वाल्मीक, सीहोर की श्रीमती शिव कुमारी और खरगोन की श्रीमती प्रेमलता कर्मा ने बताया कि संबल योजना में मिली सहायता से परिवार के लालन-पालन और बच्चों की पढ़ाई में मदद मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में जुड़े सभी हितग्राहियों से लाड़ली बहना योजना, आयुष्मान योजना, खाद्यान्न पर्ची, उज्जवला योजना जैसी सभी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का आहवान किया। श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एके एंटनी की सलाह पर मलयालम सीख रही हैं प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के वडक्क नद इलाके में आदिवासी बस्ती में एक नए सांस्कृतिक केंद्र के उद्घाटन के मौके पर बताया कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन मलयालम सीख रही हैं। उन्होंने कहा कि वायनाड में अपने चुनाव (प्रचार) के दौरान मैंने (पूर्व मुख्यमंत्री) एके एंटनी से बात की और उन्होंने मुझे एक सलाह दी। कि मुझे मलयालम सीखने की जरूरत है। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मुझे एक शिक्षक मिल गया है और अब मैं थोड़ा-बहुत बोल सकती हूं। प्रियंका वाड्रा वायनाड की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने दिसंबर 2024 में लोकसभा सीट के उपचुनाव में भारी अंतर से जीत हासिल की है। उन्होंने 50 एकड़ के कट्टुनायका उन्नति सांस्कृतिक केंद्र के बारे में कहा कि यह आपकी भलाई के लिए है और कार्यक्रम में मौजूद युवा लड़कियों से भवन के उपयोग के संबंध में अपनी आवश्यकताओं को बताने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने याद किया कि कैसे उनकी दादी, दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी प्रियंका, आदिवासी समुदाय के प्रति गहरा सम्मान रखती थीं। प्रियंका वाड्रा ने कहा कि वह हमें आपके तौर-तरीकों के बारे में बताती थीं कि आप कैसे सद्भाव से रहते हैं, आप कैसे जंगल और पानी का सम्मान करते हैं। जब भी उन्हें आदिवासी समुदाय से कोई उपहार मिलता था, तो वह उसे घर पर बहुत संभालकर रखती थीं।

### विवादित पादरी बजिंदर यौन उत्पीड़न और रेप केस में दोषी करार, 1 अप्रैल को होगा सजा का ऐलान

**नई दिल्ली।** मोहाली की एक विशेष POCSO अदालत ने 2018 के जीरकपुर यौन उत्पीड़न और बलात्कार मामले में विवादास्पद पादरी बजिंदर सिंह को दोषी ठहराया है। अदालत 1 अप्रैल को उनकी सजा का ऐलान करेगी। सिंह शुक्रवार को छह अन्य आरोपियों के साथ अदालत में पेश हुए। हालांकि, सबूतों के अभाव में पांच सह-आरोपियों को बरी कर दिया गया। यह मामला 2018 का है जब जीरकपुर की एक महिला ने बजिंदर सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उसे जुलाई 2018 में लंदन जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की कोशिश करते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। जीरकपुर पुलिस ने चमत्कार के जरिए बीमारियों को ठीक करने का दावा करने वाले बजिंदर सिंह के खिलाफ पीड़िता की शिकायत के आधार पर छह अन्य लोगों के साथ एफआईआर दर्ज की थी। अन्य आरोपियों में अकबर भट्टी, राजेश चौधरी, सुच्चा सिंह, जतिंदर कुमार, सितार अली और संदीप उर्फ पहलवान शामिल थे।

### 30 मार्च को महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जाएंगे पीएम मोदी, नागपुर के स्मृति मंदिर में करेंगे दर्शन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। वे नागपुर जाएंगे और सुबह करीब 9 बजे स्मृति मंदिर में दर्शन करेंगे और उसके बाद दीक्षाभूमि जाएंगे। सुबह करीब 10 बजे वे नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर करीब 12:30 बजे वे नागपुर में सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में लोइटरिंग म्यूनिशन टेस्टिंग रेंज और यूएवी के लिए रनवे सुविधा का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री बिलासपुर जाएंगे और दोपहर करीब 3:30 बजे वे आधारशिला रखेंगे, काम शुरू करेंगे और 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। हिंदू नववर्ष की शुरुआत को चिह्नित करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिपदा कार्यक्रम के साथ, प्रधानमंत्री स्मृति मंदिर में दर्शन करेंगे और आरएसएस के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह दीक्षाभूमि भी जाएंगे और डॉ. बी.आर. अंबेडकर को श्रद्धांजलि देंगे, जहां उन्होंने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था।

## हवाई अड्डों पर निशुल्क पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था की जाए: बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से कहा कि वह हवाई अड्डों पर वाटर कूलर की व्यवस्था करें, ताकि यात्रियों को निशुल्क पेयजल उपलब्ध हो सके। सदन में गैर-सरकारी कामकाज के तहत कांग्रेस सांसद शफी परम्बिल के 'देश में हवाई यात्रा किराये के विनियमन के लिए उचित उपाय' संबंधी निजी संकल्प पर चर्चा के दौरान बिरला ने यह टिप्पणी की। चर्चा के दौरान, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सांसद चंद्रशेखर ने हवाई अड्डों पर पानी की बोतल अत्यधिक कीमतों पर उपलब्ध होने का उल्लेख किया। इस पर बिरला ने कहा, ''मंत्री जी, वाटर कूलर लगवा दो ताकि निशुल्क पानी मिले। जरूरी नहीं है कि सभी लोग बोतल का ही पानी पियें।'' नायडू ने कहा कि कुछ हवाई अड्डों पर 'उड़ान यात्री' सुविधा शुरू की गई है जिसके तहत 10 रुपये में पानी की बोतल उपलब्ध कराई जा रही है।

### मायावती का अखिलेश यादव की पार्टी पर निशाना

## आगरा की घटना की आड़ में सपा अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे



**नई दिल्ली।** हाल ही में हुई आगरा की घटना ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में फिर से उबाल ला दिया है। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर जमकर तोड़फोड़ की है। अब समाजवादी पार्टी पर मायावती ने भी निशाना साधा है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा आगरा की घटना की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को 'एक्स' पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व की सरकार में हुई एक घटना की याद दिलाते हुए पोस्ट में कहा, ''आगरा की घटना के साथ-साथ सपा मुखिया को इनकी (सपा की) सरकार में दो जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाऊस कांड में इस पार्टी द्वारा मेरे ऊपर कराया गया जानलेवा हमला भी जरूर याद कर लेना चाहिए तथा इसका पश्चताप भी जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अत: आगरा घटना की आड़ में अब सपा अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे तथा आगरा की घटना की तरह यहां दलितों का उत्पीड़न और ज्यादा न कराये।'' राज्यसभा में हाल ही में राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी करते हुए सपा के रामजीलाल सुमन ने उन्हें ''गद्दार'' कहा था। इसके विरोध में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को आगरा स्थित सांसद सुमन के आवास पर तोड़फोड़ की थी।

## तेजस्वी को सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता, पुराने अंदाज में दिखे लालू यादव



**नई दिल्ली।** आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपने बेटे तेजस्वी यादव की राजनीतिक संभावनाओं के बारे में एक मजबूत घोषणा की। जसौली-जमुनिया गांव में पूर्व विधायक जमुना यादव की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए लालू ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि इस बार तेजस्वी यादव को बिहार में सरकार बनाने से कोई नहीं रोक सकता। लालू ने घोषणा की, 'कोई माई का लाल तेजस्वी यादव को सरकार बनाने से नहीं रोक सकता है।' अपने संबोधन के दौरान लालू ने महिला कल्याण योजना 'मैं बहन मान योजना' को लागू करने का संकल्प लिया और समाज के वंचित वर्गों की सेवा के लिए अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। जेडी(यू) के प्रवक्त ा नीरज कुमार ने लालू के दावों को खारिज करते हुए कहा कि तेजस्वी राजनीतिक पितृ दोष से पीड़ित हैं। नीरज कुमार ने कहा, 'मैं लालू प्रसाद को याद दिलाना चाहता हूं कि नकल करने के लिए भी बुद्धि की जरूरत होती है।

## केजरीवाल के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर, कोर्ट के आदेश पर एक्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ 2019 में राष्ट्रीय राजधानी में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर कथित तौर पर जनता के पैसे का दुरुपयोग करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल के समक्ष पेश अपनी अनुपालन रिपोर्ट में यह बात कही।

यह मामला उन आरोपों के इर्द-गिर्द घूमता है कि बड़े-बड़े होर्डिंग्स के माध्यम से राजनीतिक संदेशों को बढ़ावा देने के लिए जनता के पैसे को अनुचित तरीके से खर्च किया गया था, एक ऐसा मामला जिसने अब न्यायिक जांच को आकर्षित किया है। न्यायाधीश ने 11 मार्च को पुलिस को एक शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया, जिसमें संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

पुलिस द्वारा मामले की जांच के लिए समय मांगे जाने के बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध कर दी है। केजरीवाल के अलावा, अदालत ने पूर्व विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की तत्कालीन पार्षद नितिका शर्मा के खिलाफ बड़े आकार के बैनर लगाने के लिए एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।

## जस्टिस यशवंत वमाके खिलाफ एफआईआर वाली याचिका स्ष्ट ने की खारिज, कहा- जांच के बाद फैसला लेंगे

**नई दिल्ली।** पीठ ने कहा कि अगर आंतरिक जांच में उन्हें (जस्टिस यशवंत वर्मा) दोषी पाया जाता है तो सीजेआई के पास एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने या सरकार से उन्हें हटाने की सिफारिश करने का विकल्प होगा। इस मामले में आज हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। फिलहाल आंतरिक जांच चल रही है। याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद कई विकल्प हो सकते हैं। सीजेआई ने 22 मार्च को जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों की आंतरिक जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था।





सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। उनके सरकारी आवास पर कथित तौर पर अवैध नकदी मिलने का मामला सामने आया है। जस्टिस वर्मा के घर में आग लगने की घटना के बाद वहां से नकदी की बोरियां बरामद की गई थीं। जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की और कहा कि आंतरिक जांच पूरी होने दीजिए। पीठ ने कहा कि अगर आंतरिक जांच में उन्हें (जस्टिस यशवंत वर्मा) दोषी पाया जाता है तो सीजेआई के पास एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने या सरकार से उन्हें हटाने की सिफारिश करने का विकल्प होगा। इस मामले में आज हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। फिलहाल आंतरिक जांच चल रही है। याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद कई विकल्प हो सकते हैं। सीजेआई ने 22 मार्च को जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों की आंतरिक जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था।

**राजनीति**

### सपा सांसद के बयान पर संसद में गरजे रविशंकर प्रसाद

# राणा सांगा का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान

**नई दिल्ली। शुक्रवार को राज्यसभा में उस समय भारी हंगामा हुआ जब भाजपा सांसदों ने समाजवादी पार्टी के नेता रामजी लाल सुमन की राजपूत राजा राणा सांगा के खिलाफ की गई टिप्पणी की निंदा की और उनसे माफी मांगने की मांग की। भाजपा सांसदों को सदन में नारेबाजी करते देखा गया और उन्होंने सपा सांसद के बयान की निंदा करते हुए कार्यवाही को 30 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राणा सांगा पर सुमन के बयान की निंदा की और इसे 'अपमान' करार दिया।**



लोकसभा में भी यह मुद्दा उठा। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राणा सांगा को लेकर एक राज्यसभा सदस्य के बयान पर उठे विवाद का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठाया और कहा कि राणा सांगा जैसे महान सपूतों का अपमान देश नहीं सहेगा। सदन में शून्यकाल के दौरान पहले भाजपा सांसद राव राजेंद्र सिंह ने यह विषय उठाया। इसके बाद प्रसाद ने भी राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के बयान की निंदा की। प्रसाद ने कहा, ''राणा सांगा भारत की विरासत हैं। उनका त्याग और बलिदान हम सभी लोगों को गौरवान्वित करता है। वह हमारे देश की प्रेरणा हैं।

उनके बारे में हल्की बातें की गई हैं, इसकी हम निंदा करते हैं।'' भाजपा नेता ने कहा, ''चाहे शिवाजी हों, राणा सांगा हों, उनका अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।'' राव राजेंद्र सिंह ने कहा, ''राजस्थान के योद्धा को लेकर जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया, उसकी मैं निंदा करता हूं। प्रतिपक्ष से पूछना चाहता हूं कि क्या वह इस तरह के कथन के साथ खड़ा है।''

# कायस्थम द्वारा सम्मानित किरण कुमार खरे बने मंडलेश्वर किरणानंद



**भोपाल।** समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान के लिए कायस्थम द्वारा सम्मानित दमोह निवासीकिरण कुमार खरे को पिछले दिनों प्रयागराज में हुए महाकुंभ में चित्रगुप्त अखाड़ा चित्रगुप्त पीठ संत महासभा ने मंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की है। किरण कुमार खरे अब मंडलेश्वर किरणानंद कहलाएंगे। चित्रगुप्त अखाड़ा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज व अखाड़ा के महामंत्री चित्रगुप्त पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज के साथ देश-विदेश से आए संत - महात्मा, व श्रद्धालुओं ने मेला परिषद सेक्टर 5 में चित्रगुप्त अखाड़ा के शिविर में अपनी धर्मध्वजा लेकर पदयात्रा की थी और संगम में अमृत स्नान कर पटाभिषेक का आयोजन किया था। जिसमें भारत के विभिन्न प्रांतो से आए संत समाज ने चित्रगुप्त अखाड़े की सदस्यता ग्रहण की थी। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव एवं महासचिव अभय श्रीवास्तव ने हाल में मंडलेश्वर किरणानंद से भेंट कर उन्हें शुभकामना दी।

## रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज दल 30 मार्च को साउथ अफ्रीका जाएगा



**भोपाल।** रोटरी इंटरनेशनल के मंडल 3040 के रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज कार्यक्रम में 12 भोपाल के रोटेरियन का दल रोटे धीरन दत्ता के नेतृत्व में साउथ अफ्रीका की दौरा कर रहा है जो 30 मार्च को प्रस्थान करेगा यह आर एफ ई दल भारतीय संस्कृति और परिवार के रहन सहन पर विचारों का विनिमय करेगा और यह दल साउथ अफ्रीका के विभिन्न शहरों में रोटरी परिवार के साथ रहेगा और 16 अप्रैल 25 को वापस भोपाल आएगा

## रोज़ा इफ्तार भानपुर में हुआ



**भोपाल।** रमजान के पवित्र माह में रोज इफ्तार का आयोजन भोपाल के भानपुर में रोजा इफ्तार हुआ जिसमें बड़ी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एजाज खान, राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में सभी लोग उपस्थित हुए और रोज इफ्तार किया यह रोज़ा इफ्तार नईमुद्दीन मित्र मंडली द्वारा किया गया सहयोग के रूप में शेख रकीब मुन्ना खान अबरार खान फहीम खान राजा भाई अयाज भाई अमन भाई आफाक भाई अल्ताफ भाई आशु आई अरुण भाई शाहरूख आदि उपस्थित थे

# मुख्यमंत्री ने प्रेस फोटोग्राफर स्व. देवेन्द्र दुबे के परिजन को दी सांत्वना, 4 लाख सहायता राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया



भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भोपाल के प्रेस फोटोग्राफर स्व. देवेन्द्र दुबे के कोलार रोड स्थित निज निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिजन को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. दुबे के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पुत्र-पुत्री सहित सभी परिजन को ढांढस बंधाया और बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. देवेंद्र दुबे की धर्मपत्नी सरिता दुबे को जनसम्पर्क विभाग की मध्यप्रदेश संचार प्रतिनिधि कल्याण योजना में राज्य शासन की ओर से 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि का स्वीकृति आशय पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा, समाजसेवी राहुल कोठारी, संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता सहित माता उमा देवी दुबे, स्व. दुबे के पुत्र-पुत्री एवं अन्य सभी परिजन उपस्थित थे।

## आकृति श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि



**भोपाल।** रिसर्च स्कॉलर आकृति श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें पीएचडी की उपाधि देवी अहिल्या विश्विद्यालय इंदौर द्वारा ए कम्प्रेटिव स्टडी ऑन सिल्क प्रोड्यूस्ड बाई डिफरेंट स्पीसीसऑफ स्पाइडर्स विषय पर उनके शोध कार्य के लिए प्रदान की गई है। शोध कार्य के दौरान आकृति के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र भी प्रकाशित हुए हैं। नेशनल सेंटर ऑफ बायो टेक्नोलॉजी इनफॉरमेशन में शोध संबंधित स्पाइडर प्रजातियों के सीक्वेंस (पेटेंट) भी प्रकाशित हो चुके हैं। आकृति श्रीवास्तव ने अपना शोध कार्य होल्कर साइंस कॉलेज इंदौर के प्रो.(डॉ.) विपुल कीर्ति शर्मा के निर्देशन में किया है। आकृति श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर आर.पी. श्रीवास्तव एवं शासकीय उमावि की सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. इंदिरा श्रीवास्तव सहित अन्य शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## माया से बचें



परमात्मा जिसने सारा संसार रचा, हमें जीवन दिया, सहारा दिया माया के प्रभाव के कारण ही जीव को वह भी पराया लगने लगता है। यह जानने के बाद भी कि सब कुछ यहीं छूट जाना है, कुछ भी साथ नहीं जाने वाला फिर भी मनुष्य मूढ़ों की तरह धन, संपत्ति, पद इत्यादि के पीछे पड़कर जीवन व्यर्थ गवां रहा है। माया जीव को सदैव भ्रम में रखती है। जो अपना है नहीं उसे अपना समझना ही तो भ्रम कहलाता है। माया अवेद्य है, वह जाल पर जाल बुनती रहती है। इसके मोहक चित्रों का कोई अंत नहीं है। यह ऐसी जादूगरनी है, कि कई-कई बार धोखा खाया जीव भी पुन: इसके जाल में फँस ही जाता है। सत्संग के आश्रय से ही प्रज्ञा चक्षु खुल सकते हैं और जीव के अंत: चक्षुओं से ये भ्रम का पर्दा हट सकता है। माया के ज्यादा चिंतन के कारण ही जीव दु:ख पा रहा है। माया नहीं मायापति का आश्रय करो। लक्ष्मी नहीं लक्ष्मी नारायण के दास बनो, तो ये लोक और परलोक दोनों सुधर जायेंगे।

# कर्मश्री का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कल अटल पथ पर आयोजित होगा



**भोपाल।** कवि सम्मेलन को लेकर आज राज्यमंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति, भोपाल महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, पार्षद बृजला सचान, राकेश भदौरिया, दिनेश भदौरिया, भूपेन्द्र माली सहित अन्य लोगों के साथ विधायक शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कवि सम्मेलन भोपाल के माता मंदिर के पास स्थित अटल पथ पर आयोजित होगा, जिसमें देश के कई दिग्गज कवि शामिल होंगे। आपको बता दें कि हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में 29 मार्च रात 08 बजे से अटल पथ पर आयोजित होगा कवि सम्मेलन। वधायक रामेश्वर शर्मा का आग्रह, हर घर मनाएं हिन्दू नववर्ष, घरों पर भगवा झंडा फहराएंगे। विधायक रामेश्वर शर्मा की संस्था कर्मश्री द्वारा निरंतर 25 वर्षों से हिंदू नववर्ष पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है।

## व्यापारिक संगठनों ने वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का किया स्वागत



**भोपाल।** वित्त वर्ष 2025-26 के मध्य प्रदेश सरकार के बजट में महिला उद्यमीयों को प्रोत्साहित करने छोटे समूह और व्यापारियों के रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की योजनाओं का अखिल भारती अग्रवाल महासभा व्यापार प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संयोजक नवनीत अग्रवाल और व्यवसायी भगवान दास ढालिया ने कहा कि किसी भी नए कर की घोषणा नहीं करने से व्यापारियों ने राहत भरा बजट बताया लोहा व्यापारी संघ के अनिल अग्रवाल समाजसेवी अग्रसत्ता के प्रधान संपादक ओमप्रकाश अग्रवाल, किराना व्यापारी संघ के मनीष अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट को प्रदेश के व्यापारिक औद्योगिक विकास में मिल का पत्थर होगा इसी विकासोन्मुखी बजट के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मध्यप्रदेश और राष्ट्रीय संगठनों ने वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा जी का स्वागत किया।

# आगामी त्योहारों को लेकर प्रभारी मंत्री कश्यप को हिउस ने सौंपा ज्ञापन



भोपाल

आगामी 30 मार्च से 6 अप्रैल के मध्य चैत्र नवरात्रि, गणगौर एवं श्री राम नवमी के पर्व हैं जोकि सनातन धर्म में सकल हिन्दू समाज केअतिमहत्वपूर्ण एवं पावन पर्व है, चैत्र नवरात्रि में जहां श्रृद्धालुओं द्वारा व्रत एवं उपवास किये जाते हैं वहीं महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में प्रात- काल में मंदिरों में पूजा अर्चना की जाती है एवं सांय काल में भी बड़ी संख्या में भी उपासको द्वारा बड़ी संख्या में मंदिरों में पूजा एवं दर्शन किया जाता है।

ऐसे में अधिकांश मंदिरों के पहुँच मार्गो में स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण अँधेरा व्याप्त रहता है जिससे श्रद्धालुओं को अधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है, इस हेतु उक्त त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अवधि में भोपाल शहर में मांस की बिक्री पर रोक एवं मांस की दुकानों एवं स्लाटर हाउस को पूर्णत- बंद रखने एवं मंदिरों के आस पास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा उचित साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु हेतु संबंधितों को निर्देशित करने हेतु आज श्री हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के प्रतिनिधि मंडल द्वारा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चेतन कश्यप को ज्ञापन दिया है यह जानकारी समिति के महामंत्री शरण खटीक और समिति के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र दवे ने देते हुए बताया कि प्रभारी मंत्री ने यथा संभव इस सम्बन्ध में जिला प्रशासन को निर्देश देने हेतु आश्वास्त किया है। इस अवसर पर समिति के दिलीप गुप्ता, पं उमाशंकर तिवारी, राजेश हिरवे, हरीश शर्मा,विक्रम सिंह, आशीष शुक्ला सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# चैतीचांद की तैयारियां पूर्ण, भोपाल की चारों दिशाओं से झांकियां बस स्टैंड चौराहे पर होगी जमा

## विधायक सबनानी शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, ड्रोन से होगी पुष्पवर्षा

**संत हिरदाराम नगर।** चैतीचांद की शोभायात्रा भगवान झूलेलाल की विधिवत पूजा के बाद सिंधी कालोनी, बैरसिया रोड़ से शाम 4 बजे निकलेगी और चारों दिशाओं से मोहल्लों की झांकियां बस स्टेन्ड चौराहे पर इकट्ठा होकर रवीन्द्र भवन मुक्ताकाश पर शाम 7 बजे पहुंचेंगी। पंचायत की झांकी नशे के प्रति जागरूकता विषय पर होगी जबकि विभिन्न मोहल्ले के झांकियों में पर्यावरण संरक्षण, सोशल मीडिया के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय स्वाभिमान, संतों. महात्माओं के ज्ञान जैसे विषयों पर होगी।

**बस स्टेन्ड चौराहे पर होगा रंगारंग कार्यक्रम और आतिशबाजी:** बस स्टेन्ड चौराहे पर छेज सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु विशाल मंच बनाया गया है जहां ड्रोन से पुष्पवर्षा, आकर्षक आतिशबाजी के बाद बैलून छोडकर शोभायात्रा को रवाना किया जायेगा। वहीं अटलराम घर्मशाला पर शाम 4 बजे भगवान झूलेलाल की पूजा के समय 11 साधक शंखनाद कर शोभायात्रा को रवाना करेंगे। ऐसे ही रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर भगवान झूलेलाल की आरती के समय भी शंखनाद के बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत होगी। शोभायात्रा में युवा वर्ग मोटरसाइकल पर नशा जहर है, जीवन पर कहर है की लोगो लगी टी शर्ट पहन कर शोभायात्रा की अगवानी करेंगे।

**रविन्द्र भवन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन:** रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर रंगारंग कार्यक्रम जिसमें बम्बई के कलाकार और भोपाल के एन.के.म्यूजिकल ग्रुप एवं कशिश डांस ग्रुप की प्रस्तुतियां होगी। रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच के आसपास नशे के प्रति जागरूकता को दर्शाते हुए आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

शोभायात्रा के संयोजक निर्मल गंगनानी और कमल पंजवानी बनाये गये हैं। सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष किशोर तनवानी, उपाध्यक्षगण डीडी मेघानी, मोहन लीलवानी, महेश बजाज, प्रदीप आर्तवानी, शंकर सचदेव, महासचिव हरीश नागदेव ने इस दिन घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर रोशनी या दीपक जलाने की अपील की है।

# आनंद नगर मंडल गोविंदपुरा विधानसभा में हुआ होली मिलन समारोह



**भोपाल।** आनंद नगर मंडल गोविंदपुरा विधानसभा में होली मिलन कार्यक्रम समारोह संपन्न हुआ इस अवसर पर मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा होली हमारा सनातन पर्व है इसे हम सबको मिलकर मानना चाहिए इस अवसर पर आयोजक मंडल अध्यक्ष संतोष ग्वाला ने कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली है कि गोविंदपुरा क्षेत्र में विधायक श्रीमती कृष्णा गौर जैसी विधायक है संपूर्ण गोविंदपुरा में विकास की गंगा बह रही है ऐसा लगता है यहां पर प्रतिदिन होली और दीपावली जैसा त्यौहार हम मानते हैं इस अवसर पर वार्ड की पार्षद छाया ठाकुर ने कहा कि होली रंग गुलाल का त्यौहार नहीं है यह स्नेह प्रेम का त्यौहार है इस अवसर पर पार्षद ममता मनोज विश्वकर्मा ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जो त्यौहार के माध्यम से सभी के दिलों में खुशियां एवं प्यार उत्पन्न करता है इस अवसर पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में ट्विन स्ट्रिंग्स बैंड की म्यूजिकल परफॉर्मेंस ने श्रोताओं को झूमने पर किया मजबूर



**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा स्किल्स फ्यूजन फेस्ट 2025 वार्षिकोत्सव को गुरुवार को सेलिब्रेट किया गया। इस जश्न को और भी खास और यादगार बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में प्रसिद्ध बैंड ट्विन स्ट्रिंग्स का लाइव म्यूजिक कंसर्ट आयोजित किया। म्यूजिकल नाइट में विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ शहर की जनता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सिंगर सागर, साहिल, मानव और मोहित के गानों पर थिरके। उम्दा साउंड अरेंजमेंट्स और बेहतरीन लाइटिंग के साथ-साथ सिंगर्स ने सुरों का कुछ ऐसा समा बांधा की विश्वविद्यालय परिसर दर्शकों के अभिवादन और प्रशस्ति में बजाई गई तालियों से गूंज उठा। म्यूजिक बैंड ने शाम की शुरुआत बेख्याली... गीत से की। उसके बाद उन्होंने केसरिया तेरा..., मस्त मौला मस्त कलंदर..., तू मेरा कोई होके भी कुछ लागे..., जी ले जरा..., आशिकी..., कुछ तो है तुझे राब्ता..., तू पहला प्यार है मेरा ... जैसे पॉपुलर सॉन्ग्स पर नाचने को मजबूर कर दिया। बैंड को सुनने बड़ी तादाद में लोग आए। और संगीत से अपनी शामें सजाईं। इस अवसर पर रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे, डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, प्रो-चांसलर, डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलाधिपति स्कोप स्किल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, कुलगुरू प्रो. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, एआईसी-आरएनटीयू के निदेशक श्री नितिन वत्स विशेष रूप से मौजद रहे।

# अश्विनी मुद्रा का अभ्यास कब्ज को दूर करता है, साधक हमेशा स्वस्थ रहता है : योग गुरु महेश अग्रवाल



**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान समय में अधिकतर लोग कब्ज, गुदा और प्रजनन प्रणाली से संबधित समस्याओं से परेशान रहते हैं, योग केंद्र में योग अभ्यास के प्रशिक्षण के साथ साधकों को इन समस्याओं के निवारण का अभ्यास भी बताया जाता हैं

योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि गुदा क्षेत्र को बार-बार सिकोड़ना और फैलाना अश्विनी मुद्रा कहलाता है। यह कुंडलिनी को जागृत करता है। यह मुद्रा गुदा और प्रजनन प्रणाली से संबंधित रोगों का नाश करने वाली, शारीरिक ऊर्जा प्रदान करने वाली या बढ़ाने वाली और अकाल मृत्यु से बचाने वाली है। यह एक महत्वपूर्ण मुद्रा है। इससे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह होता है, जिससे साधक हमेशा स्वस्थ रहता है, शक्ति और स्फूर्ति प्राप्त करता है और अकाल मृत्यु का शिकार नहीं होता, बल्कि दीर्घायु होता है। यह इतनी सरल मुद्रा है कि इसे करने में कोई कठिनाई नहीं होती। इसके अभ्यास से गुदा की मांसपेशियों पर नियंत्रण प्राप्त होता है। इन्हें अश्व, अश्विनी यानि घोड़ा की तरह फैलाया और सिकोड़ा जा सकता है। तकनीक - किसी भी आरामदायक ध्यान आसन में बैठें। आँखें बंद करें और शरीर को आराम दें। प्राकृतिक साँस के प्रति सजग रहें। सजगता को गुदा तक ले जाएँ। स्फिंक्टर को सिकोड़ें और क्रिया को केवल गुदा क्षेत्र तक ही सीमित रखें। गुदा की मांसपेशियों को सिकोड़ें और फिर उन्हें आराम दें। विश्राम को लयबद्ध रखने की कोशिश करें। धीरे-धीरे संकुचन को और तेज़ करें। अवधि- संकुचन और विश्राम 10 से 20 बार किया जाना चाहिए। सावधान रहें कि मांसपेशियों पर दबाव न पड़े। अवधि बढ़ाएँ क्योंकि गुदा की मांसपेशियाँ मज़बूत होती हैं और अधिक नियंत्रण विकसित होता है। गुदा नालव्रण से पीड़ित लोगों को इस अभ्यास से बचना चाहिए। यह अभ्यास गुदा की मांसपेशियों को मजबूत करता है और मलाशय और प्रजनन अंगों के विकारों जैसे कब्ज, बवासीर और गर्भाशय या मलाशय के आगे बढ़ने को कम करता है।

## भारतीय सेना ने भोपाल सैन्य स्टेशन पर सहज योग कार्यशाला का आयोजन किया

**संत हिरदाराम नगर।** सुदर्शन चक्र कोर ने सैन्य स्टेशन पर तीन दिवसीय एक विशेष सहज योग कार्यशाला का आयोजन किया। इस दुर्लभ और महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 3000 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें सेवारत अधिकारी, सैनिक, परिवार और आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र शामिल थे। कार्यशाला का संचालन सहज योग ट्रस्ट, पुणे के समन्वयक ब्रिगेडियर पीएस शिओडे सेवानिवृत्त ने किया। यह तीन दिनों में तीन अलग-अलग स्थानों पर सुबह और शाम को आयोजित की गइ । इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहज योग तकनीकों के माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देना था, जिससे प्रतिभागियों को आंतरिक शांति, भावनात्मक संतुलन और आध्यात्मिक जागृति का अनुभव हो सके। निर्देशित ध्यान और आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से, उपस्थित लोगों ने अवचेतन शक्ति और समग्र कल्याण को बढ़ाने में सहज योग की परिवर्तनकारी शक्ति की खोज की।

# काटी गई बिजली तत्काल जोड़ें, वसूली स्थगित करें और खराब हुई सोयाबीन फसल का बीमा मुआवजा तत्काल दें मुख्यमंत्री



**आष्टा।** आज सीहोर जिले में मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं जिला प्रशासन द्वारा बिजली बिल वसूली को लेकर गांव के गांव की सामूहिक लाइट कटी जाने के विरोध में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजन एवं किसानों द्वारा तानाशाही पूर्वक बिजली बिल की वसूली रोकने काटी गई लाइट जोड़ने और किसने की सोयाबीन के खराब फसल हुई उसका बीमा एवं मुआवजा देने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय का घेराव आष्टा ब्लॉक कांग्रेस जावर ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक आष्टा नगर कांग्रेस आष्टा द्वारा कांग्रेसजन एवं किसानों के साथ मिलकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जिसमें किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बहुत ज्यादा आक्रोशित होकर नारे लगा रहे थे मुख्यमंत्री मोहन यादव बिजली विभाग का वसूली एजेंट मोहन यादव तेरी तानाशाही नहीं चलेगी मोदी सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी किसानों को खराब फसल का बीमा एवं मुआवजा दो बिजली बिल की वसूली रोको काटी गई लाइट तत्काल चालू करो जैसे नारे लगा रहे थे आज आष्टा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जन एवं किसान पानी की टंकी कन्नौज रोड पर एकत्रित होकर नारे लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे जहां पर किसानों की मांग के संबंध में बोलते हुए अखिल भारतीय सदस्य कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि विद्युत मंडल द्वारा तानाशाही पूर्वक बिजली बिल की वसूली की जा रही है बिजली बिल वसूल करने के लिए गांव की सामूहिक लाइट काटी जा रही है इसके साथ ही सीहोर कलेक्टर द्वारा बिजली वसूली को लेकर कुर्की एवं बैंक खाता चीज करने की सहमति दी है इन सब बातों से ऐसा लगता है कि जैसे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आम नागरिक किसानों के मुख्यमंत्री न होकर बिजली विभाग के वसूली एजेंट होंगे उनके द्वारा जिस प्रकार से ताना शाही पूर्वक बिजली बिल की वसूली की जा रही है उससे लगता है की मुख्यमंत्री बिजली विभाग के वसूली एजेंट बनकर रह गए हैं और उनका यह यह तरीका लोकतांत्रिक सरकार का नहीं हो सकता ऐसा लगता है जैसे हम अंग्रेजों के समय में गुलामो की तरह रह रहे हैं और उसे समय लगान वसूली के लिए गांव के हुक्का पानी बंद कर दिए जाते थे इसी प्रकार पूरे गांव की लाइट बंद कर कर एक तरह से पूरे गांव का हुक्का पानी बंद कर दिया जाता है हरपाल ठाकुर ने किसानों एवं कांग्रेस जन की तरफ से कहा कि जब इस बार पूरे सीहोर जिले एवं आष्टा में किसने की सोयाबीन की फसल 80 से 90त्र खराब हो गई तो अब तक सरकार ने किसानों को खराब हुई सोयाबीन की फसल का मुआवजा एवं बीमा क्यों नहीं दिया और जब सरकार द्वारा किसानों के नुकसान की भरपाई नहीं की गई तो फिर किस बिजली विभाग का पैसा कहां से जमा करेगा इसलिए सरकार सबसे पहले किसानों की सोयाबीन की फसल का बीमा एवं मुआवजा दे तब तक बिजली बिल की वसूली रोकते हुए काटे गए गांव की बिजली चालू करे किसान की लागत तीन चार गुना बढ़ गई है और उसकी फसल का भाव 2014 से भी काम है इसलिए सरकार सबसे पहले किसानों को फसल का सही दाम दिलाए खराब हुई फसल का बीमा एवं मुआवजा दिलाए उसके बाद बिजली बिल की वसूली करें और सरकार यदि ऐसा नहीं करती है तो यह स्पष्ट हो जाएगा के मध्य प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री सहित बिजली विभाग के वसूली एजेंट के रूप में काम कर रही है उपरोक्त अवसर पर किसने की समस्या बताते हुए आस्था ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभा खेड़ी ने कहा बिजली विभाग द्वारा लगभग 70 से ज्यादा गांव की सामूहिक रूप से लाइट काट दी गई है जिसके कारण महा लोगों को पीने तक का पानी नहीं मिल रहा है और साथ ही पशुओं को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है इस स्थिति में लोगों का जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा है साथ ही छात्र-छात्राओं की परीक्षा चल रही है वह लोग अपनी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं जिससे एक प्रकार से हमारे आने वाली पीढियां का भविष्य अंधकार में होता दिख रहा है बिजली विभाग एवं जिला प्रशासन का यह तरीका बर्दाश्त नहीं किया जा सकता हम प्रशासन एवं शासन को चेतावनी देते हैं की तत्काल जिन गांव की लाइट काटी गई है उनकी लाइट चालू की जाए और किसानों को बीमा एवं मुआवजा राशि देने के बाद बिल की वसूलीकी जाए शासन एवं प्रशासन ने किसानों के साथ न्याय नहीं किया तो कांग्रेस कार्यकर्ता आगे और ज्यादा उग्र आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे जिसमें बाजार बंद चक्का जाम जैसे आंदोलन किए जाएंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी मध्य प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन की होगी उपरोक्त अवसर पर जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह सेमली बारी आस्था ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश मुंडी खेड़ी विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान वरिष्ठ नेता कैलाश परमार सहित उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने प्रशासन के सामने मजबूत तरीके से अपनी बात रखी ठीक उपरोक्त अवसर पर

## कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को निमंत्रण दिया वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने



**छिंदवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन म.प्र. के संगठन महामंत्री श्री विजय झांझरी के नेतृत्व में प्रदेश मंत्री रमेश जाखोटिया, संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, जिलाध्यक्ष अनिल सिंघई, कोषाध्यक्ष प्रशांत सोनी आशीष जैन, आशीष पाटोदी, बृजेश काल्पिवार, धर्मेन्द्र साहू, विशाल माहेश्वरी एवं मयंक नेमा ने कलेक्टर शीलेंद्र सिंहजी से मुलाकात किए एवं 27 अप्रैल को होने वाले मुम्बई के सुप्रसिद्ध शुगर के डॉ. प्रदीप गाडगे के आगमन तथा सेमिनार की जानकारी देकर उपस्थित रहने हेतु निवेदन किया उक्ताशय की जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन म.प्र. ईकाई छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष अनिल सिंघई ने बताया कि कलेक्टर साहब ने संगठन के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए उपस्थित रहने का आश्वासन भी दिए है , वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने छिंदवाड़ा के नागरिकों से शिविर एवं सेमिनार का लाभ लेने का निवेदन भी किया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के जाति प्रमाण पत्र की जांच कराने कलेक्टर से मिले परासिया के जनप्रतिनिधि



**छिन्दवाड़ा।** जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार के जाति प्रमाण पत्र की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग को लेकर परासिया के जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह से मुलाकात करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पुन्हार मुलतः गोरखपुर उत्तर प्रदेश के निवासी है। इनके पिता डब्ल्यूसीएल में नौकरी करने के लिए उत्तर प्रदेश से आकर यहां बस गए थे। इनके जाति प्रमाण पत्र की शिकायत उत्तर प्रदेश के निवासी त्रिलोकी पादक, पूनालाल कुशवाहा, शिवशंकर और रामगोपाल कोरी द्वारा की गई है। जिसमें बताया गया है कि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार का जाति प्रमाण पत्र में गलत तरीके से जारी किया गया है। उक्त जाति प्रमाण पत्र का उपयोग कर इनके द्वारा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर गलत तरीके से चुनाव लड़ा गया है। जिसकी जिला स्तरीय जांच की जानी चाहिए। कलेक्टर से मिले जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस जाति प्रमाण पत्र की उच्च स्तरीय जांच कर कार्यवाही की जाये। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, जिला महामंत्री परमजीत सिंह विज, जगदीश डेहरिया, मण्डल अध्यक्ष बल्लू नागी, मनीष यादव, देवी पाल, रामप्रसाद कुमरे,राकेश बेलवंशी एवं भूरा कौरव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पुस्तक मेले में नहीं थी पर्याप्त पुस्तकें, अभिभावक नाराज

### जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा पुस्तक विक्रेताओं से चर्चा कर व्यवस्था बना रहे



**छिंदवाड़ा।** मंहगी पुस्तक और कापियां कम कीमत में मिल सके इसको लेकर जिलाप्रशासन द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है, एमएलबी स्कूल में पुस्तक मेले का कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा शुभारंभ किया गया। शहर के पुस्तक विक्रेताओं द्वारा मेले में स्टॉल लगाए गए हैं, पुस्तकों में 5 से लेकर 7 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है वहीं कापियों में छूट ज्यादा है। पुस्तक मेले से अभिभावकों को कुछ लाभ हो रहा है लेकिन जितना होना चाहिए उतना नहीं हो रहा है। पुस्तक मेले के पहले दिन कुछ खामियां भी देखने को मिली जिससे कुछ पालक नाराज होकर भी गए। स्टालों में पर्याप्त पुस्तकें ही नहीं थी जिससे पालकों को खाली हाथ ही वापस जाना पड़ा। बताया जाता है कि फर्स्ट स्टेप स्कूल की 7वी, 8वी की किताबें अभिभावकों को पुस्तक मेले में नहीं मिली पुस्तक खत्म भी हो गईं। वहीं सनरेज स्कूल की किताबें भी पुस्तक मेले में नहीं थीं। वर्तमान में प्राईवेट स्कूलें खुल गए हैं संस्था के द्वारा बच्चों से कापी, किताबें लाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिससे अभिभावक पुस्तक विक्रेताओं के पास पहुंचने लगे हैं। इसी बीच जिलाप्रशासन द्वारा पुस्तक मेला लगाए जाने से अभिभावकों को उम्मीद है कि उन्हें काम दामों में यहां से पुस्तकें मिल जाएंगी लेकिन पहले दिन व्यवस्था नहीं बनने से अधिकांश पालकों को यहां से खाली हाथ जाना पड़ा। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल ने बताया कि पुस्तक मेले के पहले दिन कुछ खामियां थीं जिसे पुस्तक विक्रेताओं से बैठकर चर्चा की गई है ताकि आने वाले दो दिनों में मेले में अभिभावकों को परेशान न होने पड़े उन्होने बताया कि मेले में पुस्तक विक्रेताओं द्वारा 5 से 7 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। हमारा प्रयास है कि अभिभावकों को इस मेले से फायदा मिले। पुस्तक मेला 29 मार्च तक लगाया जाएगा।

## गर्ल्स कॉलेज में पुस्तक मेले का उद्घाटन



**छिंदवाड़ा।** रामकृष्ण मठ पुणे के द्वारा वेदांत साहित्य एवं स्वामी विवेकानंद से संबंधित साहित्य की प्रदर्शनी पुस्तक रथ के माध्यम से राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में लगाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परम्परा के प्रभारी डॉ. श्रीपाद अरोणकर, विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ट की प्रभारी प्रो. बिदिंया माहोबिया विशेष रूप से उपस्थित रही। डॉ. अनिता मिश्रा, प्रो. सीताराम शर्मा, डॉ. प्रशांत बेलवंशी, डॉ. महिम चतुर्वेदी, डॉ. जे.एल. हनोते, कीडाधिकारी श्री अजय सिंह ठाकुर, डॉ. डी.एस. आकरे, डॉ. मुकेश कौशल उपस्थित हुए। बडी संख्या में छात्राओं ने पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं पुस्तके कय की। इस कार्यकम के सफल संचालन में श्री आर.एस. नागोतिया, श्री प्रमोद झाडे, श्री ठाकरे, श्री तिवारी जी की सहभागिता रही।

टी एल एम मेला का आयोजन सम्पन्न।

अमरवाड़ा। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार एवं जिला परियोजना समन्वयक जेके इडपाची जी के मार्गदर्शन में जनपद शिक्षा केंद्र अमरवाड़ा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नई आबादी में अमरवाड़ा विकासखंड के 35 शालाओं और चौरई विकासखंड की 14 शालाओ के शिक्षको का टी एल मेला सम्पन्न हुआ। जिसमें शिक्षको के द्वारा श्वष्टष्ठश्व कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अध्यापन में उपयोग किए जाने वाले सहायक सामग्री का प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर अमरवाड़ा विकासखंड के सहायक संचालक अविनाश दीक्षित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विनोद वर्मा पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा के संकुल प्राचार्य अनिल कुमार नेमा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में संजय बाजोलिया बी ए सी प्रमोद सरनकर सुनील कुरचे महेंद्र झारिया जन शिक्षक विनोद कुमार तिवारी एवं महेश कुमार डेहरिया के साथ समस्त विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## विश्व रंग मंच पर नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ



**छिंदवाड़ा।** अदिति जोशी द्वारा निशुल्क नाट्य नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विश्व रंग मच पर नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ. नुक्कड़ नाटक आदिरंग का मंचन किया गया छिंदवाड़ा को रंगमंच की दुनिया में बुलंदियों में पहुंचने वाले रंगकर्मी जिसमे डॉक्टर पवन नेमा जो छिंदवाड़ा में 28 सालो से रंगमंच कर रहे है प्रवीण चौरागड़े छिंदवाड़ा से पहली बार जिनका चयन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में हुआ अदिति जोशी जिनके किये गये दो नाटक भारत रंग महोत्सव के विश्व रंग में चयनित हुए इस कार्यशाला में हम बच्चों को निःशुल्क अभिनय और नृत्य सिखा रहे हैं कार्यशाला का मार्ग दर्शन डॉक्टर पवन नेमा द्वारा, निर्देशन आदित्य जोशी द्वारा किया जा रहा हैं कार्यशाला प्रवीण चौरागड़े के महाअभियान हर घर अभिनय हर नाट्य घर घर रंगकर्मी हर घर रंगकर्मी के अंतर्गत किया जा रहे हैं श्री दत्तात्रेय भदाड़े आयुष अधिकारी छिंदवाड़ा द्वारा सम्मानित किया गया।

## दो दिवसीय होगा 2624 वां तीर्थंकर महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव

### संत निवास में सकल जैन के विविध घटकों की बैठक में लिया गया निर्णय

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज अहिंसा के प्रणेता, वर्तमान शासन 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2624 वां मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव चैत्र वदी नवमी 10 अप्रैल के शुभ दिन विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।

श्री वीर प्रभु के मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव को लेकर छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित संत निवास में सकल जैन समाज के विविध घटकों सहित युवा संगठनों एवं पाठशाला की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में जिनशासन सेवक सम्मिलित हुए और सभी ने 9 एवं 10 अप्रैल को विविध अनुष्ठानों के साथ उत्साह एवं उमंग पूर्वक 2624 वां जन्मकल्याणक महोत्सव मनाने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर सर्व सम्मति से श्री विशाल जैन को 2624 वें जन्मकल्याणक महोत्सव का संयोजक एवं श्री राजेंद्र पाटोदी को अध्यक्ष बनाया गया जिसकी सभी ने अनुमोदना की ओर महोत्सव को मनाने की तैयारी प्रारंभ कर दी।बैठक का सफल संचालन पंकज पाटनी ने किया। जिसमें एल सी जैन, अशोक वैद्य, सुभाष जैन, बसंत कांकरिया, राकेश शाह, आलोक जैन ष्ट, अशोक बाकलीवाल, जितेंद्र वैद्य, प्रमोद पाटनी, अभय जैन, रत्नेश जैन, दीपक राज जैन, अनिल बज, चंदू जैन, नरेंद्र जैन सहित अन्य जिनशासन सेवकों ने अपने विचार रख महोत्सव को ऐतिहासिक रूप से मनाने का संकल्प लिया।

#### मुनिश्री का मिलेगा मंगल सानिध्य

इस अवसर पर मुनिश्री 108 आचरण सागरजी महाराज ससंघ सहित नगर के सभी ब्रह्मचारी भाई बहनों सहित विद्वतवर्ग का सतसमागम प्राप्त होगा।

#### ये होंगे मुख्य अनुष्ठान

2624 वें जन्मकल्याणक महोत्सव पर 6 अप्रैल को अहिंसा दौड़ मैराथन, 8 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर, 9 अप्रैल को जिनधर्म प्रभावना वाहन रैली सहित विविध पाठशाला द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10 अप्रैल को जन्मकल्याणक का भव्य चल समारोह, सकल जैन समाज का साधर्मी वात्सल्य भोज, पालना झूलन, आम सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण कर आभार प्रदर्शन किया जावेगा। मंगल महोत्सव के समस्त अनुष्ठान कुंडलपुर नगरी अहिंसा स्थली गोल गंज में संपन्न होंगे, जिसमें सकल जैन समाज के सभी घटकों, युवा संगठनों सहित धर्मप्रेमी बंधुओं से सम्मिलित होने की अपील महोत्सव समिति द्वारा की गई। मंगल महोत्सव हेतु आगामी 30 मार्च की रात्रि 9:00 बजे संत निवास में पुनः बैठक रखी गई है।

#### इनकी रही विशेष उपस्थिति

बैठक में सकल दिगंबर जैन महासभा, श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज, दिगंबर जैन परवार पंचायत, खंडेलवाल पंचायत, गोलापूरब पंचायत, गोलालारे समाज, श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, श्वेतांबर जैन समाज, कच्छी बीसा ओसवाल संघ, महाराष्ट्रीयन जैन समाज, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, तारण तरण नवयुवक मंडल, मुनिसेवा संघ, पुष्पदंत औषधालय, श्री उदारसागर पाठशाला, श्री वीतराग विज्ञान पाठशाला, बाहुबली जीव रक्षा संस्थान सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## अनाज मंडी में प्रशासन की मनमानी से जिले के किसान परेशान

**छिन्दवाड़ा।** जिले के प्रत्येक अनाज उत्पादक किसानों को अपनी उपज विक्रय हेतु सीधे कुसमैली अनाज मंडी ही पहुंचना पड़ता है। किन्तु मंडी में चल रही प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी के कारण किसान अपनी फसल बिचौलियों को बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं, क्योंकि मंडी कभी भी बंद हो जाती है। बंद रखने के पीछे कोई पुख्ता कारण भी नहीं होता इसका सीधा अर्थ है कि प्रशासन की मानमानी चल रही है। उक्त उदगार किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए। चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने जारी बयान में आगे कहा कि जिले की प्रमुख कृषि उपज मण्डी कुसमैली लगातार 6 दिन तक बंद होने से जिले के किसान अपनी उपज बेचने हेतु परेशान हो रहे। किसानों को अपनी उपज कम दामों पर बेचने हेतु मजबूर होना पड़ रहा है। मण्डी सचिव द्वारा कभी भी कृषि उपज मण्डी बंद करने और खोलने के आदेश जारी कर दिये जाते हैं, जो किसान हितों के विपरीत है। मण्डी सचिव की मनमानी से किसान लगातार परेशान हो रहे। इसलिये उनके विरूद्ध कार्यवाही की जानी चाहिये, मार्च महीने में किसानों को ऋ्रण भुगतान करने, बिजली बिल जमा करने एवं बच्चों की स्कूली फीस जमा करने और शादी विवाह समारोह के लिये किसानों को रूपयों की आवश्यकता होती है। शासन के नियमानुसार वार्षिक कैलेण्डर से संचालित किया जाना जरूरी है। मण्डी सचिव द्वारा मंडी में खरीदी व बंद रखने सहित अन्य अहम बिन्दुओं पर निर्णय लेने के पूर्व जनप्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक बुलाकर उनकी सहमति व सुझाव भी लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में मंडी को नियमानुसार व कम से कम समय के लिए बंद किया जाना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भाजपा सरकार है। किसान कांग्रेस के द्वारा मंडी में जारी मनमानी को रोकने हेतु मण्डी सचिव के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु मुख्यमंत्री, कलेक्टर, भार साधक अधिकारी व उप संचालक कृषि को ज्ञापन प्रेषित किया है।

**नियमानुसार संचालित होनी चाहिए मंडी, सचिव के खिलाफ हो कार्रवाई**

## पुजारी संघ द्वारा किया जाएगा निःशुल्क जनेऊ संस्कार



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ के द्वारा जनेऊ संस्कार प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष में किया जाएगा शिव मंदिर तहसील परिसर में आज बैठक रखी गई थी जिसमें ब्राह्मण बंधु उपस्थित हुए,निर्णय लिया गया कि 30 अप्रैल 2025 को निःशुल्क जनेऊ संस्कार किए जाएंगे समय 11:00 से प्रारंभ कर दिया जाएगा सभी लोग समय पर उपस्थित हो। जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी किया जाएगा,बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, महाकौशल प्रभारी मनीष तिवारी, पंडित राजेश द्विवेदी, पंडित शिव शंकर मिश्रा ,पंडित संतोष तिवारी, पंडित नंदू शर्मा, पंडित सुरेंद्र शर्मा, पंडित धनंजय शर्मा , पंडित नारायण शर्मा, पंडित मोहन तिवारी ,पंडित मुकेश तिवारी, पंडित बंटी तिवारी एवं समस्त मित्र मंडलों के द्वारा बैठक संपन्न की गई।

## मंडी में आने वाले कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो : कलेक्टर

### बडोरा मंडी की शिकायतों को लेकर विधायक और कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**बैतूल।** कृषि उपज मडा बतूल म अव्यवस्थाओं को लेकर मिल रही शिकायतों को लेकर बुधवार को विधायक हेमंत खंडेलवाल, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंडी परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मंडी के व्यापारियों और अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम एवं कृषि मंडी के भारसाधक अधिकारी राजीव कहार भी मौजूद थे। बैठक में मंडी से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विधायक और कलेक्टर ने बैठक के अंत में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की बात कही और व्यापारियों व मंडी अधिकारियों को इन सुधारों को जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री खंडेलवाल ने कहा कि कृषि उपजों की नीलामी, तौल और भुगतान को तय समय पर कराए। मंडी प्रांगण में सी सी टीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए। प्रत्येक शेड में माइक की व्यवस्था की जाएगी। जिससे किसानों, व्यापारियों को सूचना आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा व्यापारियों द्वारा किसानों से अनाधिकृत कमीशन न लिया जाए। कलेक्टर सूर्यवंशी ने मंडी में आने वाले कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

#### कृषकों को समय पर होगा भुगतान

कलेक्टर सूर्यवंशी ने किसानों को उनकी कृषि उपज का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक व्यापारी को 48 घंटे के भीतर भुगतान की पूर्ण जानकारी (कृषकवार यूटीआर नंबर और राशि सहित) अनिवार्य रूप से मंडी कार्यालय में जमा करनी होगी। मंडी में गेहूं एवं मक्का की नीलामी खुली ट्राली के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा नीलामी शेडों को 48 घंटे के भीतर चौकड़ा मुक्त कराने के निर्देश दिए गए। मंडी परिसर में कार्यरत सभी सुरक्षागार्ड, अनुज्ञप्तिधारी हम्माल/तुलावटियों और मंडी कर्मचारियों को ड्रेसकोड और पहचान पत्र जारी किया जाएगा। इससे सुरक्षा और अनुशासन में सुधार होगा।

#### मंडी परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा

बैठक में कलेक्टर सूर्यवंशी ने मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि मंडी में आने वालवाले कृषकों को पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा कृषकों की सहायता के लिए कॉल सेंटर, कंट्रोल रूम नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए। शिकायत दर्ज कराने के लिए व्हाट्सएप नंबर का बोर्ड/फ्लेक्स प्रत्येक शेड में लगाया जाए। बताया कि मंडी में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों और मंडी के पदाधिकारियों के मोबाइल नंबर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

## संपादकीय

### वैश्विक स्तर पर मौतों का तीसरा प्रमुख कारण-वायु प्रदूषण

पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत वायु प्रदूषण के कारण हो रही है। जिस वायु को हम प्राणदायिनी मानते है, वही प्राण लेने लगे तो इसकी वजह क्या है, यह जानने की कोशिश हम नहीं करते। वायु प्रदूषण कितना घातक है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि प्रदूषक तत्व हर क्षण हमारे शरीर के भीतर जा रहे है और हमारी रक्त धमनियों से होते हुए शरीर के सभी महत्वपूर्ण अगों तक पहुच रहे है। इसका किस कदर दुष्प्रभाव पड रहा है, इस पर कई अध्ययन सामने आ चुके है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बार-बार वायु प्रदूषण के प्रति आगाह किया है। वैश्विक स्तर पर मौत का यह तीसरा प्रमुख कारण है। बावजूद इसके, दुनिया के ज्यादातर और विशेष रूप से कुछ बडे देश लापरवाही बरत रहे है। प्रदूषण का असर फेफडे और सांस संबंधी बीमारियों तक सीमित नहीं है। दिल्ली में पिछले दिनों स्वास्थ्य पर आयोजित एसोचैम के सम्मेलन में आगाह किया गया कि प्रदूषण से दिल के दौरे का खतरा भी बढ़ रहा है। वायु गुणवत्ता और प्रदूषण के बीच संतुलन की लकीर खींचते हुए हम अभी तक फेफडे पर बढते दबाव को लेकर ही चिंतित रहे है, लेकिन इसका हृदय पर क्या प्रभाव पड रहा है, इस पर कभी ध्यान नहीं गया। वायु गुणवत्ता पर जोर देते समय हमें अब हृदय स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहना होगा, क्योंकि वायु प्रदूषण के दौरान घातक सूक्ष्म कण निरंतर रक्त प्रवाह में शामिल होते रहते है। इसका नतीजा यह होता है कि ये कोलेस्ट्राल को आक्सीकृत कर देते है, जिससे धमनी पट्टिका के फटने की स्थिति पैदा हो जाती है और दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है। अगर जीवन प्रत्याशा को कम होने से बचाना है, तो वायु प्रदूषण की चुनौतियों से जमीनी स्तर पर लड़ना होगा। बेहतर होगा कि लोग विलासिता को त्याग कर प्रकृति से जुड़ें। विशेषज्ञ आए दिन इस संदर्भ में चेताते रहे है, लेकिन सवाल है कि इस गहराती समस्या का हल क्या है। जब तक इस समस्या के दूरगामी और स्थायी समाधान के व्यावहारिक रास्ते नहीं सुझाए जाते, तब तक केवल समस्याओं की पहचान का कुछ ठोस हासिल नहीं होगा।

# मुस्लिम छात्र विदेशों में पढ़ाई करें, आतंकी व भस्मासुर न बनें



-आचार्य श्रीहरि

बद्र खान सुरी प्रकरण को लेकर भारतीय कूटनीति की नींद हराम हुई की नही? नरेन्द्र मोदी को भारत की विदेशों में छवि खराब होने की चिंता हुई की नहीं? बद्र खान प्रकरण पर भारत की कूटनीति और नरेन्द्र मोदी की नींद जरूर हराम होनी चाहिए। आखिर क्यों? इसलिए कि यह प्रकरण कोई छोटा या फिर खारिज करने वाला नहीं है। यह प्रकरण बहुत ही लोमहर्षक है, विभत्स है और आतंक का प्रतीक ही नहीं है बल्कि भारत की छवि भंजक भी है। हालांकि भारतीय मीडिया ने भी इस पर कोई संज्ञान लेने की जरूरत नहीं समझी। निश्चित तौर पर बद्र खान सुरी प्रकरण पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया। अगर इस पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं हुई, इस पर सख्त दिशानिर्देश जारी नहीं हुआ तो फिर भारत की छवि विदेशों में खराब होगी, भारत को भी आतंकी देश के रूप में पहचान होगी, भारत को भी आतंकी देश समझ कर विदेशों में घृणा का प्रचार-प्रसार होगा, भारत की भी गिनती भस्मासुरों में होगी, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, सीरिया और लेबनान-सूडान जैसे आतंकी देशों की श्रेणी में भी भारत को रखा जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो इसका दुष्प्रभाव भारत के उन करोडों लोगों पर पडेगा जो अमेरिका और यूरोप में शांतिपूर्ण ढंग से रह रहे हैं और अपना जीवन सुंदर बना चुके हैं, जिनकी अभी तक गिनती सभ्य और शांतिपूर्ण नागरिक के तौर पर होती है और जिनके कंधों पर अमेरिका-यूरोप के विकास और प्रगति का भार है, जिन्होंने अमेरिका और यूरोप के ज्ञान-विज्ञान को एक नया आयाम दिया है। इसके अलावा उन भारतीय छात्रों के लिए भी परेशानियां होगी जो अमेरिका और यूरोप के विश्वविद्यालयों में पढने जाने के इच्छुक है और जहां पर उन्हें रोजगार मिलने की आकांक्षा होती है। कोई अपने यहां आतंकी और आतंकी समर्थक को संरक्षण देकर अपना आत्मघात क्यों कराना चाहेगा, अपनी खुद की कब्र क्यों खोदवाना चाहेगा? बद्र खान सुरी प्रकरण क्या है? बद्र खान सुरी है कौन? उसकी पहचान है क्या? बद्र खान सुरी का प्रकरण आतंक से जुडा हुआ है, हमास से जुडा हुआ है, यहूदियों के खिलाफ घृणा से जुडा हुआ है। इस्लाम की काफिर मानसिकता से जुडा हुआ है। कहने का सीधा अर्थ यह है कि वह हिंसक है, वह आतंकी है, वह हमास का समर्थक है, हमास का गुर्गा है, इस्राइल का विरोधी है, फिलिस्तीन का समर्थक है। पर वह न तो फिलिस्तीन का नागरिक है, वह न तो पाकिस्तान का नागरिक है, न तो अफगानिस्तान का नागरिक है, न तो सुडान और लेबनान का नागरिक है, फिर भी उसकी मानसिकता वैसी ही है जो मानसिकता पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, लेबनान, सूडान और सीरिया जैसे आतंकी देशों की होती है। बद्र खान सुरी भारतीय मुस्लिम है और वह अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में रिसर्चर है। उसने भारत मे जामिया मिलिया में पढाई की थी। जामिया मिलिया के छात्रो कां आतंकी रूझान सीएए कानून पर कैसा था? यह भी उल्लेखनीय है। शाहीनबाग जिहाद मे जामिया मिलिया के छात्रें की हिंसक भूमिका थी, शाहीनबाग घरने पर बैठने वाले, सडक जाम कर भारत विखंडन की धमकी देने की भूमिका निभाने वाले अन्य छात्रों के साथ ही साथ जामिया मिलिया के छात्र भी थे। जामिया मिलिया के छात्र

> हालांकि भारतीय मीडिया ने भी इस पर कोई संज्ञान लेने की जरूरत नहीं समझी। निश्चित तौर पर बद्र खान सुरी प्रकरण पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया। अगर इस पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं हुई, इस पर सख्त दिशानिर्देश जारी नहीं हुआ तो फिर भारत की छवि विदेशों में खराब होगी, भारत को भी आतंकी देश के रूप में पहचान होगी, भारत को भी आतंकी देश समझ कर विदेशों में घृणा का प्रचार-प्रसार होगा, भारत की भी गिनती भस्मासुरों में होगी, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, सीरिया और लेबनान-सूडान जैसे आतंकी देशों की श्रेणी में भी भारत को रखा जा सकता है।

इस्लामिक नजरिये से ही सीएए कानून देखा था और हिंसक विरोध मे शामिल हुए थे। अगर इस्लामिक नजरिये से हिंसक और कट्टरपंथी कोई छात्र अमेरिका और यूरोप में जायेगा तो फिर क्या करेगा? वही करेगा जो अमेरिका में बद्र खान सुरी ने किया। वह सीधे तौर पर हमास का समर्थक ही नहीं बल्कि हमास का गुर्गा बन गया। अमेरिका की सुरक्षा एजेंसिंयों की सक्रियता से ही बद्र खान सुरी प्रकरण सामने आया है। अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां काफी समय से उन सभी विदेशी और देशी छात्रों पर नजर लगाये बैठी थी और जिन पर टैक्नोलॉजी पहरा बैठायी जो विभिन्न अमेरिकी विश्वविद्यालयों में कथित पढाई के आड में हमास, तालिबान और आईएस के लिए ही नहीं बल्कि खूद आश्रय दाता अमेरिका के हितों की कब्र खोदते है। जो बाईडन के कार्यकाल मे तो उदासीनता अपनायी जाती थी और ऐसे मामलों को दरकिनार कर दिया जाता था। लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प के आने के बाद अमेरिका की उदासीनता की नीति बदल गयी और भस्मासुरों के प्रति सख्त नीति बन गयी, भस्मासुरों को उनके मूल देश में भेजने और अमेरिकी जेलों में डालने की नीति बन गयी। अब अमेरिका सुरक्षा एजेंसियां दबाव रहित होकर काम कर रही हैं और भस्मासुर विदेशी छात्रों की गर्दन भी नाप रही हैं? इसी का सुखद परिणाम है कि बद्र खान सुरी की गिरफ्तारी और उसका हिंसक तथा आतंकी रूझान का रहस्योघाटन।

बद्र खान सुरी पर आरोप क्या-क्या है? आरोप कितने गंभीर है? यह भी देख लीजिये। अमेरिका की न्याय शाखाएं बहुत ही मजबूत होती हैं और चाकचौबंद होती है। सतही आरोपों पर सजा दिलाना मुश्किल होती है। इसलिए अमेरिकी जांच एजेसियां किसी की गर्दन तभी नापती हैं जब सबूत पुख्ता होता है। बद्र खान सूरी पर आरोप है कि वह हमास के संपर्क में हैं, हमास के लिए काम करता है, हमास के लिए वातावरण फैलाता है, हमास के लिए अफवाह फैलाता है, हमास के लिए धन संग्रह करता है। अगर यह आरोप सही है तो फिर आरोप बहुत ही गंभीर है। क्योकि बद्र खान सुरी जैसों को अमेरिका में पढाई करने के लिए वीजा मिला था न कि अमेरिकी हितों को बलि चढाने के लिए और हमास जैसे आतंकी संगठन के लिए वातावरण बनाने के लिए। सीधे तौर ऐसी श्रेणी के छात्र वीजा नियमों को ही नहीं तोडते हैं बल्कि आश्रयदाता देश के हितों को भी बलि चढाते हैं। अमेरिकी हित क्या है? अमेरिकी हित इस्राइल की सुरक्षा और समृद्धि है। अमेरिका के लिए इस्राइल की दोस्ती बहुत ही जरूरी है क्योंकि इस्राइल एक मजबूत इच्छा शक्ति वाला देश है और जिसकी टैक्नोलॉजी शक्ति भी अमेरिका के लिए जरूरी है। भविष्य के खतरे को भी देखते हुए अमेरिका और इस्राइल दोस्ती जरूरी है।

प्रतिहिंसा को लेकर अमेरिका के विश्वविद्यालयों में महीनों प्रदर्शन हुए थे और हमास-हिजबुल्लाह की हिंसक गीत गाये थे। अमेरिका और इस्राइल के संहार करने का संकल्प लिया गया था। इस्राइल के साथ ही साथ अमेरिका को हिंसक और मानवता विरोधी करार दिया गया था। इन्ही प्रदर्शनों में बद्र खान सुरी ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया था, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि हिसंक विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया था। ऐसी श्रेणी के हिंसक लोग इस्राइल का विरोध तो करते हैं पर हमास जैसे आतंकी संगठन की हिंसा का विरोध नही करते हैं। हमास ने इस्राइल पर हमला कर दो हजार से ज्यादा लोगों को गाजर-मूली की तरह काट दिया था, यहां तक की बच्चों का खून करने से भी पीछे नहीं हटे थे, गर्भवती महिलाओं के पेट फाड कर बच्चे निकाल कर खुशियां मनायी थी। ऐसी विभत्स दृश्य मानवता के इतिहास को कलंकित करते हैं फिर भी बद्र खान सुरी जैसों को हमास आईकॉन लगता है? मुस्लिम छात्र गैर मुस्लिमों को झांसे में रहकर फिलिस्तीन और हमास समर्थक बना कर अपनी जिहादी मानसिकता को संतुष्ट करते हैं। उदाहरण रंजनी श्रीनिवासन है। रंजनी श्रीनिवासन गैर मुस्लिम है फिर भी इस्राइल विरोधी प्रदर्शनों में शामिल रही और फिर सेल्फ डिपोर्ट की सजा भी पायी। फिलिस्तीन पर मुसलमानो का एकाधिकार भी एक हिंसक प्रश्न है? क्योंकि इस्लाम के आने के पूर्व यहूदियों का धर्म आया था। इस्लाम ने यहूदियों को आक्रमण में पराजित कर फिलिस्तीन पर कब्जा किया था। इस्लाम और यहूदियों के बीच कई लडाइयां हुई थी, यह इस्लामिक इहिसम में दर्ज है।

बद्र खान सुरी जैसों छात्रों पर कोई दया की जरूरत नहीं है। जैसी करनी वैसी भरनी। सख्त सजा मिलनी ही चाहिए। भारत सरकार को अब कार्रवाई करनी ही चाहिए। ऐसे छात्रों पर निगरानी रखनी चाहिए। उनके लिए दिशा-निर्देश की अनिवार्य शर्त लागू होनी चाहिए। अनिवार्य शर्त क्या होनी चाहिए? अनिवार्य शर्त यह होनी चाहिए कि विदेशों में पढाई के दौरान किसी आतंकी के पक्षधर हिंसक प्रदर्शनों में शामिल रहें पढाई करने वाले देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और हित के खिलाफ किये या फिर नुकसान पहुंचाये तो फिर पासपोर्ट तो रद्द किया जायेगा, उसके बाद भारतीय विश्वविद्यालयों या फिर भारत की सरकारी नौकरियों में भी जगह नहीं मिलेगी। ऐसी शर्त पर विदेशों में भारतीय हितों और भारत के ज्ञान-विज्ञान की शक्ति की छवि की रक्षा हो सकती है।

**सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद से तुर्की की सक्रियता बढ़ गई है। यह वही देश है, जो बशर-अल-असद के कार्यकाल में सीरिया को अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानता था। वही सीरिया अब तुर्की के अधिकारियों के लिए सैरगाह बना हुआ है। हालांकि, इस वजह से तुर्की और इजरायल में तनाव बढ़ रहा है। दरअसल, विद्रोही गुट के नेता अहमद अल-शरा ने तुर्की के समर्थन से ही सीरिया पर कब्जा किया था। ऐसे में वह बदला चुकाने के लिए सीरिया को तुर्की के लिए खोल दिया है। ऐसे में सीरिया में तुर्की अपनी सैन्य उपस्थिति को बढ़ा रहा है। लेकिन, उसके इस काम में इजरायल अड़चन बनकर खड़ा हो गया है।**

# इजरायल और तुर्की में जंग की सुगबुगाहट

**(प्रियेश मिश्र)**

तुर्की और इजरायल के बीच सीरिया में जंग जैसे हालात बन गए हैं। तुर्की ने सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद अपनी सैन्य उपस्थिति को बढ़ा दिया है। इससे इजरायल के लिए खतरा पैदा हो गया है। ऐसी भी रिपोर्ट्स हैं कि सीरिया में तुर्की और इजरायल के लड़ाकू विमान आमने-सामने आए थे।

सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद से तुर्की की सक्रियता बढ़ गई है। यह वही देश है, जो बशर-अल-असद के कार्यकाल में सीरिया को अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानता था। वही सीरिया अब तुर्की के अधिकारियों के लिए सैरगाह बना हुआ है। हालांकि, इस वजह से तुर्की और इजरायल में तनाव बढ़ रहा है। दरअसल, विद्रोही गुट के नेता अहमद अल-शरा ने तुर्की के समर्थन से ही सीरिया पर कब्जा किया था। ऐसे में वह बदला चुकाने के लिए सीरिया को तुर्की के लिए खोल दिया है। ऐसे में सीरिया में तुर्की अपनी सैन्य उपस्थिति को बढ़ा रहा है। लेकिन, उसके इस काम में इजरायल अड़चन बनकर खड़ा हो गया है।

सीरिया और तुर्की ने हाल में ही सैन्य समझौता किया है। इसके तहत तुर्की ने नई सीरियाई सेना के



पुनर्निर्माण, प्रशिक्षण और शस्त्रीकरण में नई सरकार की सहायता करने की पेशकश की है। वही, सीरिया भी आने वाले दिनों में तुर्की से बड़े पैमाने पर हथियारों की खरीद करने वाला है। हालांकि, सीरियाई सरकार को अब तक किसी भी देश ने मान्यता नहीं दी है। ऐसे में तुर्की के लिए सीरियाई विद्रोहियों को हथियार बेचना मुश्किल हो सकता है। इसके बावजूद एर्दोगन के नेतृत्व वाली तुर्की सरकार सीरियाई विद्रोहियों को हथियार देने और सैन्य समझौता करने पर अड़ी हुई है।

**सीरियाई सैन्य ठिकानों में तुर्की की सैन्य उपस्थिति-** कई रिपोर्टों के अनुसार, तुर्की ने पाल्मायरा क्षेत्र (पाल्मायरा हवाई अड्डा और टी4) में सीरियाई हवाई अड्डों के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके तुर्की वायु सेना ने कई ठिकाने स्थापित करने की योजना बनाई है।

तुर्की कथित तौर पर सीरिया में अपनी जमीनी और हवाई गतिविधियों का विस्तार करना चाहता है। उदाहरण के लिए, तुर्की ने दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पुनर्वास और संचालन में सहायता की है। इसके अलावा, उत्तरी सीरिया में सीरियन नेशनल आर्मी और इसके तहत काम करने वाले संगठनों के लिए तुर्की का समर्थन सर्वविदित है।

इसके बाद, हाल के दिनों में ऐसी रिपोर्टें आईं कि तुर्की ने उत्तरी सीरिया में मिनाक् सैन्य हवाई अड्डे पर सैनिकों और सैन्य उपकरणों को पहुंचाया है, जो अब तुर्की-सीरियाई सहयोग से काम कर रहा है। यह हवाई अड्डा अलेप्पो से लगभग 35 किमी उत्तर में और तुर्की सीमा से लगभग 13 किमी दक्षिण में स्थित है।

कई रिपोर्टों का दावा है कि तुर्की ने हाल ही में बेस का नवीनीकरण और विस्तार किया है, सीरिया को अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी और नियंत्रण में मदद करने के लिए रडार, वायु रक्षा प्रणाली और अतिरिक्त उपकरण लगाए हैं।

**तुर्की-इजरायल सैन्य संघर्ष-** तुर्की और इजरायल के बीच सीरिया में मुठभेड़ की भी खबरें हैं। दावा किया गया थआ कि पिछले हफ्तों में सीरियाई हवाई क्षेत्र में तुर्की और इजरायली जेट आमने-सामने आ गए थे। हालांकि, दोनों ही देशों ने इस घटना की पुष्टि नहीं की है। लेकिन, यह तय है कि सीरिया में तुर्की की मौजूदगी इजरायल के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है।

## वर्ग पहेली 5683



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. नवंबर 1860 को अब्राहम लिंकन इस देश के सालहवें राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. औलाद, कुलधर, वंशधर (3)
6. मध्यप्रदेश के इस अंचल में बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक स्थित है (3)
7. बजाने वाला, कृपा करने वाला (3)
8. यह मुगलशासक अकबर के बेटे थे जिनका जन्म 31 अगस्त 1569 को हुआ था (4)
10. काला, अश्वेत, कजरारा, श्यामल (2)
12. अनेकता, विविध, बहुरूप (4)
14. मगध देश या दक्षिण बिहार का प्राचीन वैदिक नाम, घोड़ा (3)
17. कच्चे आम या इमलीसे बनाया गया खट्टा-मीठा पदार्थ (2)
18. धतूरा, स्वर्ण (3)
19. राजा, सम्राट, बादशाह (3)
20. स्वरूप, व्यक्तित्व, घटित (2)
21. गहन चिंतन करने का भाव (3)
22. प्रतिष्ठा, इज्जत, आबरू (2)
23. अवाम, पब्लिक, जनसमुदाय (3)

**(ऊपर से नीचे**

1. कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि (4)
2. सादृश्य, मिलन, सामंजस्य, एकता (2)
3. रस्म, रीति, प्रथा (3)
4. श्रृंगार कर्म करना, संवर्धन (4)
5. शिरोमणि, मुकुट, शिखा (2)
7. नग, मणि, रत्न (3)
9. स्वजन भावना, अपनत्वपूर्णता (5)
11. वास्तव में, वाकई, सचमुच (5)
13. असुंदर, अनाकर्षक, सौंदर्यहीन (4)
15. कण का अपभ्रंश (2)
16. लगातार देखने की क्रिया, टकटकी (2)
19. माता का वह लाड़-प्यार जो उसकी संतान पर होता है (3)
20. एक प्रकार का परिधान, अंगरखा, वस्त्र, वेश (2)

**वर्ग पहेली 5682 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द्दा | म | हु | सै | न | | प |
| ह | | ह | त | | म | ला | ल |
| न | म | क | | | क | प | ट |
| री | त | | गु | ना | ह | | ना |
| ल | ल | क | ना | | रा | जा | |
| | बी | | | सा | म | वे | द |
| | दो | प | ह | र | | द | |
| ह | स्त | | म | ना | ना | | लू |

# जीवन धारा- दुनिया में चीजें हमेशा पूर्ण नहीं होतीं, अच्छे विचारों को जन्म दें

**(श्रीश्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु)**

इस दुनिया में चीजें हमेशा पूर्ण नहीं हो सकतीं। साथ ही, दूसरों की गलतियों को लगातार दिखाने की गलती न करें। गलतियां हर समय होती रहती हैं। उन्हें सुधारने के लिए प्रयत्नशील होने की जरूरत है।

दुनिया की सभी शिक्षाएं खुशी पाने की बात करती हैं, क्योंकि यही वह चीज है, जिसकी तलाश हरेक इन्सान कर रहा है। खुशी इस बात पर निर्भर नहीं करती है कि हमारे पास क्या है और क्या नहीं है। लोगों को किसी चीज की जरूरत होती है, तो वे बाहर जाकर खरीद लेते हैं, लेकिन खुशी ऐसी चीज नहीं है, जिसे आप खरीद सकते हैं। हमें चीजों को बाहर ढूंढने की आदत हो गई है, जबकि खुशी हमारे भीतर ही मौजूद है। हमारे जीवन में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमें परेशान करती हैं, जिसे माया कहते हैं। उदाहरण के तौर पर देखें, तो यदि कोई आपसे प्यार करता है, तो भी परेशानी हो सकती है और यदि प्यार न करे, तो भी परेशानी है। जीवन में कई बार ऐसी स्थिति आती है, जिसमें आपको मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए एक संकल्प जरूर लें, चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अपनी खुशी नहीं खोऊंगा। भले ही आपको व्यापार, रिश्तों या जीवन के किसी भी दूसरे पहलू में नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन आपको अपनी खुशी नहीं खोनी चाहिए। यह आपके विकास का एक पैमाना है। जब आप खुशी के स्रोत पर जाते हैं, तो आपकी इंद्रियां मजबूत हो जाती हैं, आपका मन संतुष्ट हो जाता है और चीजें आपके पक्ष में होने लगती हैं।

ध्यान रहे कि आप पूर्ण बनने के लिए तनाव न लें। अगर आप पूर्णता पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं, तो गुस्सा महसूस करेंगे। दुनिया अपूर्ण लग सकती है, लेकिन अंदर से सब कुछ पूर्ण है। पूर्णता छिपी हुई है, जबकि अपूर्णता दिखाई देती है। केवल आप मानवता की मदद करने के लिए आगे बढ़ें और हमेशा खुश रहने की कोशिश करें। समझदार लोग सतह से परे देखते हैं। इस दुनिया में चीजें हमेशा पूर्ण?नहीं हो सकतीं। साथ ही, दूसरों की गलतियों को लगातार दिखाने की गलती न करें। गलतियां हर समय होती रहती हैं। उन्हें सुधारने के लिए प्रयत्नशील होने की जरूरत है। जब आप स्वीकार करते हैं कि गलतियां हो सकती हैं, तो आप दृढ़ और दयालु दोनों हो जाते हैं और नए सिरे से बेहतर करते हैं। हर कोई कल की उम्मीद में अपनी वर्तमान खुशियों को हमेशा टालता रहता है। कोई सोचता है कि जब वह कॉलेज जाएगा,?तो खुश रहेगा। कॉलेज में लगता है कि कमाने लगेगा, तो वह खुश रहेगा। फिर उसे लगता है कि जब वह शादी करेगा, तो खुश रहेगा। यह चक्र चलता रहता है, और वह खास दिन कभी नहीं आता। यह ऐसा है, जैसे पूरी रात अपना बिस्तर बनाने की कोशिश करते रहना और सो न पाना। भविष्य में खुश रहने का इंतजार करने के बजाय, अभी खुश रहना चुनें।

# आज का राशिफल

### मेष

आज लोगों के लिए दिन करियर के लिहाज से अच्छा है। आप छोटे-मोटे पार्ट टाइम काम के लिए भी समय निकाल पाएंगे और उसमें सफल होंगे। आपकी सभी महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी और आपको धन सम्?मान के मामले में लाभ होगा।

### वृष

आज दिन शुभ है और आप किसी शुभ काम में भाग लेंगे। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए आपको पैसों की बचत करने की सलाह है और सिर्फ जरूरी चीजों की खरीद करें। शाम को किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है और आपका जीवन सुख में बीतेगा।

### मिथुन

आज करियर में सफलता मिलेगी और आपके लिए तरक?की के योग बन रहे हैं। आपको देखकर दूसरे लोग भी काफी खुश होंगे। आपको अपनी उपलब्धियों पर नजर रखनी होगी और इस तरक्की को बनाए रखना।

### कर्क

आज दिन व्यस्तता से भरा रहेगा और आप दूसरों की मदद करने को हमेशा तैयार रहेंगे। आपको कोई चिंता परेशान कर सकती है और आपके भाग्य में वृद्धि के योग हैं। अगर सब लोग राजी हों तो कहीं घूमने जाने की योजना बन सकती है।

### सिंह

आज कारोबार में लाभ होगा और आपकी तरक?की होगी। आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी, क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय ठीक नहीं चल रहा है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है और आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

### कन्या

आज करियर में लाभ होगा और आपके लिए बिजनस में शानदार मुनाफा पाने के योग बने हैं। आप किसी खास काम में व्यस्त रहेंगे और आपको लाभ भी होगा। इसके नतीजे फायदेमंद होंगे और फिलहाल, आप अपने काम को उत्साह से पूरा करें।

### तुला

आज किसी वजह से चिंतित और परेशान रहेंगे और आपके सामने कई तरह की समस?याएं आ सकती हैं। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में आपके विरोधी आपके सामने खड़े हो सकते हैं और आपको आप अपनी हिम्मत और समझदारी से ही इन लोगों को हरा सकते हैं।

### धनु

आज दिन सफलता से भरा रहेगा। आसपास के माहौल से आपको फायदा होगा। किसी खास व्यक्ति की मदद करनी पड़ सकती है। थोड़ा भागदौड़ करने से आपको सफलता मिल सकती है और आपकी पूर्व निर्धारित योजनाएं सफल होंगी। रात का समय खुशी में बीतेगा। आपकी इनकम बढ़ेगी। परिवार के साथ घूमने का मौका मिलेगा।

### कुंभ

आज सफलता मिलेगी और आपकी कई समस?याओं का अंत होने से मन काफी प्रसन्?न रहेगा। बड़े अधिकारियों से अच्छे संबंध बनाने का मौका मिलेगा और आपको इससे लाभ होगा। आयात-निर्यात का व्यवसाय शुरू करने का फैसला भी आज हो सकता है और आपकी रुचि धर्म में रहेगी।

### वृश्चिक

आज करियर में अचानक से अच्छी खबर मिलेगी। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें, तो आप तरक?की करेंगे। बदलते माहौल में नई योजनाएं सफल होंगी और आपको पुराने झगड़ों से छुटकारा मिलेगा।

### मकर

आज करियर और कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा और आपके सम्?मान में वृद्धि से मन काफी प्रसन्?न होगा। ग्रहों की चाल आपके भाग्य के विकास में सहायक है और आपकी तरक?की होगी। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा और आपको दिन भर शुभ समाचार मिलते रहेंगे।

### मीन

आज खुशियां लेकर आएगा। आप उनके करियर को लेकर खुश रहेंगे। दिन अच्छा है। जिन युवाओं ने अभी करियर की शुरुआत की है, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। ऑफिस में आपकी इज्जत बढ़ेगी। शाम और रात का समय लोगों से मिलने-जुलने में बीतेगा। आपको तरक्की मिलेगी। किस्मत आपका साथ देगी।

# लालटेन व घड़ा लेकर परिषद की बैठक में पहुंचे पार्षद, महापौर को घेरा

## सेन्टर के भुगतान का उठा मुद्दा, अध्यक्ष ने कहा क्या महापौर को एजेंडा काटने का है अधिकार, हंगामे को लेकर दो बार स्थगित हुई बैठक



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की परिषद बैठक आज दिन गुरूवार को परिषद अध्यक्ष देवेश पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। शुरूआत में ही पार्षदों ने पिछली परिषद को शून्य क्यों किया गया? इस बात को लेकर महापौर को घेरने लगे। जहां लालटेन व घड़ा लेकर कॉंग्रेस के पार्षद विरोध जताया और सिविंग सेन्टर के भुगतान का मुद्दा उछाला गया। अध्यक्ष ने कहा क्या महापौर को ऐजेंडा काटने का अधिकार है। काफी हंगामे के बाद दो बार परिषद की बैठक स्थगित की गई।

परिषद की बैठक राष्टगान से प्रारंभ की गई। जहां राष्टगान के बाद प्रश्नोत्तरी प्रारंभ होने के पूर्व ही पार्षद परमेश्वर पटेल ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर नगर निगम गेट पर ताला बन्द करना पड़ा। कोई सुनवाई नही हो रही है। वार्ड में समस्याएं बनी हुई हैं और एमआईसी मेम्बर न्यायालय जा रहे हैं। महापौर झूठ बोल रही हैं। कहा से विकास होगा। वही शेखर सिंह ने कहा कि कागजों की जुगलबन्दी में नगर निगम उलझा हुआ है। परिषद की बैठक होने नही पा रही है। तीन-तीन महीने बीत रहे हैं। जनता हमे चुनी है, जवाब तो जनता को हमे देना पड़ रहा है। वही पार्षद भारतेन्दु पाण्डेय ने परिषद की बैठक में कहा कि छः माह बीत गया है। सिविंग सेन्टर का भुगतान नही हो पा रहा है। पिछली परिषद बैठक क्यों शून्य की गई। इसका जवाब महापौर और एमआईसी दे। जबतक एमआईसी या महापौर जवाब नही देंगी, तब तक परिषद नही चलेगी। वही पार्षद सीमा जायसवाल ने महापौर को घेरते हुये कहा कि पहले महापौर हम सभी पार्षदों को संतुष्ट करे कि पिछली परिषद को स्थगित कराने के लिए षड्यंत्र क्यों रचा। जब फाईल 18 फरवरी को आयुक्त को दी गई तो फिर महापौर 13 फरवरी की बात क्यों कर रही हैं। परिषद की बैठक को रोकने का प्रयास महापौर कर रही थी। आखिर क्यों कर रही थी या फिर सिंगरौली का विकास को रोकने का प्रयास कर रही थी। आयुक्त के जवाब में महापौर को कटघर्रे में खड़ा कर दिया। आयुक्त ने जवाब में कहा कि परिषद के लिए 13 एजेंडे आये थे। जिसमें से महापौर ने 3 को काट दिया था। जबकि उनका अधिकार नही है।

### महापौर को अध्यक्ष ने कहा ठेकेदारी की फाईल नही, एजेंडा है

पहली मर्तबा परिषद अध्यक्ष देवेश पाण्डेय भी महापौर के रवैये से खफा नजर आयें। अध्यक्ष ने भी महापौर को इस कदर घेरा कि महापौर जवाब देने हिचकिचाने लगी। अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने महापौर रानी अग्रवाल से कहा कि शहर के विकास के लिए एजेंडा बनाया जाता है। यह कोई ठेकेदार की फाईल नही है कि अपने मन से आप काट दें। आप को एजेंडा काटने का अधिकार नही है। न ही संसोधन करने का अधिकार है। आयुक्त एजेंडा तैयार करता है और परिषद अध्यक्ष तिथि नियत करता है। यही प्रावधान है। लेकिन महापौर को परिषद बैठक तय करने का अधिकार नही है। जब महापौर 13 फरवरी को फाईल दी हैं तो परिषद को 18 फरवरी को कैसे मिल रही है। इसी बात को लेकर महापौर को घेरा गया। जहां अध्यक्ष ने कहा ऐसी विसंगति क्यों आ रही है। ऐसे में तो शहर का विकास रूक जाएगा।

### कौन है आकांक्षा जो पार्षदों को देती है गाली

परिषद बैठक में पार्षद सीमा जायसवाल ने कहा कि महापौर के पास एक लड़की आकांक्षा रहती है। उसका पेमेंट नगर निगम से होता है। आखिर वह कौन है, जिसके लिए नगर निगम पेमेंट कर रहा है। यह लड़की पार्षदों को अभद्र गाली देती है। सीमा जायसवाल ने कहा कि अगर महापौर के मर्जी से निगम और परिषद चलेगा तो मैं नही चलने दूंगी। यही वजह रही कि आज नगर निगम परिषद बैठक में हंगामे के चलते दो बार परिषद अध्यक्ष को बैठक को स्थगित करना पड़ा। वही लंच के लिए भोजन व्यवस्था में काफी हिलाहवाली की गई थी। लगभग डेढ़ से दो घंटे लेट लतीफी के चलते पार्षदों में काफी आक्रोश देखा गया।

### कॉंग्रेस ने दिखाया लालटेन व घड़ा

परिषद की बैठक में पार्षद अखिलेश सिंह ने परिषद की बैठक शुरू होते ही अपने सवाल अध्यक्ष के समक्ष रखा। कहा कि एजेंडे में हमारे वार्ड में बिजली व पानी की समस्या को नही रखा गया है। जब तक मेंरे सवालों का जवाब नही मिलेगा, तब तक परिषद की बैठक नही चलने दूंगा। अपना विरोध जताते हुये परिषद शुरूआत के दौरान ही अखिलेश सिंह लालटेन लेकर पहुंचे। जहां अध्यक्ष सहित सभी को लालटेन दिखाया और कहा कि नगर निगम में अंधेरगर्दी चल रही है। महापौर की मनमानी है। एक्ट अधिनियम की जानकारी नही हैं। वही परिषद में ही घड़ा लेकर कॉंग्रेस के कई पार्षद पहुंचे और जमीन पर बैठ कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। जहां महापौर के रवैया से खफा रहे। कहा कि परिषद को रोकने का प्रयास किया गया है। जो घोर निंदनीय है। सिंगरौली के विकास में महापौर बाधा बन रही हैं।

# छोटे भाई की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## चितरंगी के बेलहवा गांव में जमीन विवाद में हुई थी हत्या



**सिंगरौली।** जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलहवा में बीते बुधवार को सगे भाई ने अपने छोटे भाई को धारदार हथियार से हत्या कर दिया था। जहां चितरंगी पुलिस ने आज दिन गुरूवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चितरंगी थाना प्रभारी सुदेश तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि बीते बुधवार को ग्राम बेलहवा में बद्रीनाथ बैगा पिता रोशन बैगा उम्र 45 वर्ष की हत्या सगा भाई रामप्रसाद बैगा पिता रोशन बैगा निवासी बेलहवा ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस को जानकारी दी गई कि वन विभाग के द्वारा आरोपी रामप्रसाद बैगा, छोटेलाल बैगा और मृतक बद्रीनाथ बैगा को जमीन दी गई थी। लेकिन आरोपी रामप्रसाद बैगा द्वारा जबरन सभी भाईयों के फसल को जबरन काट लिया गया। यही वजह थी कि आरोपी और मृतक का आपस में विवाद होने लगा। बीते बुधवार को मृतक और आरोपी के बीच विवाद बड़ा रूप ले लिया और आरोपी ने गुस्से में आकर मृतक बद्रीनाथ बैगा को धारदार हसिया से सिर एवं छाती पर कई वार किया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जंगल में फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी के तलाश में जंगल में खोजबीन करने लगी। लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा देकर जंगल के रास्ते से निकल कर वाहन का इंतजार कर वहां से भागने के फिराक में था। लेकिन पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराए जायेंगे: कलेक्टर

**सिंगरौली**

जल संरचनाओं के उन्नयन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराए जायेंगे। साथ ही आगामी 30 मार्च से 30 जून तक अनवरत चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन को सुनिश्चित करना है। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर के द्वारा जल गंगा अभियान के तैयारियों की समीक्षा करते हुये विभागीय अधिकारियों को दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकिंत पहल से नवीन जन संरचनाओं के निर्माण, भू-जल संवर्धन पूर्व से मौजूद जल संरचनाओं की साफ -सफाई एवं जीर्णोद्धार तथा मरम्मत किया जाना है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे जल स्त्रोत एवं संरचना जिन्हे जीर्णोद्धार करने की आवश्यकता है। ऐसी संरचनओं को चिन्हित कर लिया जायें तथा इसकी जानकारी से अवगत कराएं। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान कर शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा 30 मार्च को किया जायेगा।

# अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल तथा ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने व नियंत्रण के लिए आदेश जारी

**सिंगरौली।** जिले में अनुपयोगी खुले नलकूपों एवं बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(1) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल तथा ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने व नियंत्रण की कार्यवाही के लिए सम्पूर्ण सिंगरौली जिले की सीमाओं में आगामी आदेश पर्यन्त तक आदेश पारित किया है। जारी आदेशानुसार समस्त उपखण्ड दण्डाधिकारी द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत अनुपयोगी एवं खुले नलकूप बोरवेल तथा ट्यूबवेल की जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित रूप में बंद करने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जावे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बैठक संपन्न



**सिंगरौली।** बीते दिन बुधवार को हनुमान जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में विगत कई वर्षो से चली आ रही विशाल शोभा यात्रा एवं महाप्रसाद कार्यक्रम के लिए बैठक होटल सत्या इंटरनेशनल में की गई।

जिसमें यह निर्णय लिया गया कि रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर विशाल शोभा यात्रा 13 अप्रैल को शाम 4 बजे से निश्चित किया गया। जो कि 12 अप्रैल को हनुमान मंदिर पर 24 घंटे का श्री राम नाम का कीर्तन तथा 13 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से सुंदरकांड का पाठ एवं 13 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा माजन मोड़ शिव मंदिर के पास से 4 से निकाला जाएगा। जो की शहर भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर तोरण द्वार पर समापन पश्चात सायं 5 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। जिसमें महाप्रसाद के लिए समस्त जिम्मेदारी सत्यनारायण बंसल एवं संतोष कुमार सिंह को दी गई तथा शोभा यात्रा की जिम्मेदारी डॉ. डीके मिश्रा, सत्येंद्र कुमार पांडेय, राजबली शाह को दी गई। शहर के साज सज्जा की जिम्मेदारी शिवेंद्र पांडय, रामेश्वर दास उर्फ राजू गुप्ता, राजेंद्र अग्रहरी को दी गई है।

# महिला क्लब में धूमधाम से मना गणगौर पूजा उत्सव



**सिंगरौली।** नगर निगम की महिला क्लब के सदस्यो के द्वारा पारंपरिक रूप से हर्षोउल्लास के साथ गणगौर पूजा का आयोजन किया गया।

इस शुभ अवसर पर सजीव रंगों और भक्तिमय माहौल में महिलाओं ने मां गौरी की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर लोकगीत गाये और विधिवत पूजा संपन्न की। कार्यक्रम में पारंपरिक राजस्थानी नृत्य, मेहंदी कला का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर सुंदर रूप से सजे गणगौर माता और भगवान शिव की प्रतिमाओं की विशेष पूजा की गई। गणगौर शोभायात्रा में महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कलश लेकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ नगर भ्रमण किया। क्लब की होस्ट सुमन पाण्डेय और रेणू सिंह ने कहा कि गणगौर केवल एक पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का उत्सव है। क्लब की अध्यक्ष डॉ. सुमन शर्मा के साथ क्लब की अधिकारी सुधा उपाध्याय, रेणु सिंह, सुमन पाण्डेय, मीनाक्षी तिवारी सहित अन्य मेम्बर भी मौजूद रही।

# युवा कांग्रेस द्वारा निकाली जाएगी विशाल बाइक रैली: सूर्या

**सिंगरौली**



28 मार्च को जन आक्रोश रैली में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य कमलेश्वर पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, राहुल जैसे बड़े नेताओं का आगमन हो रहा है। जिसमें युवा कांग्रेस सिंगरौली की तैयारी अपने नेताओं के स्वागत के लिए जोरों से चल रही है। जिसमें युवा कांग्रेस कार्यकर्ता जिले के विधानसभाओं से भारी मात्रा में बाइक लेकर पहुंचेंगे। युवा कांग्रेस सिंगरौली द्वारा परसौना कन्वेयर बेल्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल कलेक्ट्रेट के पास जुड़वा तालाब तक विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। जिसमें युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी के साथियों से निवेदन किया गया है कि बाइक रैली में शामिल होकर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# लंबित प्रकरणों का निराकरण कर शीघ्र कराएं राहत राशि का भुगतान : शुक्ला



**सिंगरौली।** कलेक्टर के अध्यक्षता में एवं सिंगरौली विधायक राम निवास शाह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर के द्वारा पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों का निराकरण नही किया गया है उनका शीघ्र निराकरण कर राहत राशि का भुगतान करायें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अन्य जो भी प्रकरण लंबित है उनका निराकरण शीघ्र कर राहत राशि का वितरण कराया जाए। विधायक द्वारा कुल लंबित प्रकरणों की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों का निराकरण कर राहत राशि का वितरण कराये तथा न्यायालयों में भी जो प्रकरण निराकरण के लिए लंबित हों न्यायालय द्वारा चाही गई जानकारियांए दस्ता वेज शीघ्र प्रस्तुत करें ।

# सिंगरौली में भूकंप का झटका, 3.5 मापी गई तीव्रता, दहशत में रहे लोग

## डेढ़ माह के दौरान दूसरा भूकंप का झटका, भूकंप का केंद्र जमीन में 10 किलोमीटर नीचे रहा

**सिंगरौली।** आज दिन गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजकर करीब 7 मिनट पर भूकंप के झटके से सिंगरौली अंचल की धरती हिलने लगी। भूकंप की तीव्रता 3.5 रही है। हालांकि इसमें किसी प्रकार की जान-माल की हानि नही हुई है। डेढ़ महीने के दौरान जिले में यह दूसरा भूकंप का झटका है।

जानकारी के अनुसार आज दिन गुरुवार को हल्के दर्जे का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सिंगरौली क्षेत्र था। गनीमत रही कि इसकी तीव्रता काफी कम थी। जिसकी वजह से कही जान-माल के नुकसान की आशंका नही है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 थी। आज दिन गुरुवार को 3 बजकर 7 मिनट पर भूकंप का यह झटका महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र जमीन में 10 किलोमीटर नीचे था। सिंगरौली और आसपास के जिलों जिसमें सीधी के साथ-साथ पड़ोसी राज्य सोनभद्र एवं मिर्जापुर-छत्तीसगढ़ प्रांत के जिले में काफी लोगों ने भूकंप के झटके को महसूस किया, तो कुछ को धरती की कंपन का एहसास नही हुआ। जिन लोगों को भूकंप महसूस हुआ वे तुरंत घरों से बाहर निकल आए। लोग एक दूसरे से भूकंप की चर्चा करने लगे। वही इस मामले में जिला प्रशासन बेखबर रहा है। प्रशासन को कहीं से किसी तरह के नुकसान की सूचना नही मिली है। रिक्टर स्केल पर 3.7 तीव्रता वाले भूकंपों को हल्के दर्जे में गिना जाता है। इतनी तीव्रता के भूकंप में नुकसान की आशंका ना के बराबर होती है। हालांकि हल्का से हल्का भूकंप भी लोगों को डरा जरूर देता है। यहां बताते चले कि



करीब 38 दिन पूर्व यानी 17 फरवरी की सुबह 8 बजकर करीब 2 मिनट पर सिंगरौली अंचल के पूर्वोत्तर क्षेत्र में भूकंप का झटका आया था। उसकी तीव्रता 4.00 रिक्टर स्केल गहराई 261 किलोमीटर थी। उसी दौरान किसी प्रकार की जान-माल की हानि नही हुई थी, लेकिन जिले में आए दिन भूकंप के झटके से लोग दहशत में आ रहे हैं।

दरअसल जिला मुख्यालय बैढ़न के समीप एनसीएल परियोजना अमलोरी, निगाही, जयंत, झिंगुरदह, दुद्धिचुआ एवं पड़ोसी राज्य यूपी के खड़िया-ककरी-बीना में रोजाना आउटसोर्स कंपनियों के द्वारा हैवी ब्लास्टिंग की जाती है। जिसके चलते यहां के रहवासी मानते है कि दोपहर 1 बजे से अपराह 3 बजे तक यदि धरती हिलती है तो उसे हैवी ब्लास्टिंग मान लेते हैं और आज भी इसी तरह की घटना घटित हुई ,लेकिन बाद में लोगों को महसूस हुआ कि हैवी ब्लास्टिंग नही थी। बल्कि भूकंप का झटका था। जिसके चलते सिंगरौली अंचल की धरती और उसके पड़ोसी राज्यों में हिलने लगी। फिलहाल जिले में भूकंप के महसूस किए जा रहे झटके से लोग बाग अब इस अंचल को खतरे से खाली नही मान रहे हैं।

### 14 महीने में 24 बार हिले सिंगरौली की धरती

बिजली उत्पादन और प्रदूषण के लिए विख्यात सिंगरौली भूकंप के मामले में भी पीछे नहीं है। तकरीबन हर 15 दिन में यहां भूकंप के झटके महसूस किए गए। 14 महीने में 24 बार जिले में भूकंप के झटके दर्ज किए गए हैं। 14 जनवरी 2024 को दोपहर 2:18 पर 5.1, 21 जनवरी 2:17 मिनट पर 3.0 तीव्रता, 22 जनवरी दोपहर 3:26 मिनट 2.7, 24 जनवरी 3:40 पर 2.9, 28 जनवरी को 4:43 पर 3.3, 8 फरवरी 1:24 पर 3.2, 13 फरवरी 4:38 पर 3.5, 6 मार्च 2:19 पर 3.3, 12 मार्च रात 2:22 पर 3.6, 13 मार्च 2:24 में 3.6, 15 मार्च 1:48 पर 3.1, 18 मार्च 2:52 पर 3.3, 29 अप्रैल 5:21 पर 3.5, 1 मई समय 1:06 पर 3.4, 2 जून 3:49 पर 3.9, 1 अगस्त 2:09 पर 3.6, 1 सितंबर 4:45 पर 2.8, 14 सितंबर 2:54 पर 3.4, 3 अक्टूबर 2:44 पर 3.4, 9 दिसंबर 2:18 पर 3.7, 9 दिसंबर 5:21 पर 3.8, 15 दिसंबर 2:04 पर 3.0, साल 2025 में 2 जनवरी को 2:33 पर 3.3, फिर 17 फरवरी को सुबह 8:02 पर 4.0 व आज 3:07 पर 3.7 तीव्रता रिक्टल पैमाने पर दर्ज की गई है।



## फिल्म 'किंगडम' में हुई कीर्ति सुरेश की एंट्री

# विजय के साथ करेंगी रोमांस

विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम के लिए कमर कस चुके हैं। फिल्म का पहला लुक भी जारी किया जा चुका है, लेकिन अभी तक यह जानकारी सामने नहीं आई थी कि फिल्म में विजय के साथ कौन सी अभिनेत्री नजर आएंगी। आइए जानिए की फिल्म किंगडम में विजय के साथ कौन सी अभिनेत्री रोमांस करती नजर आएंगी।

123 डॉट कॉम के अनुसार, फिल्म किंगडम में विजय देवरकोंडा के साथ कीर्ति सुरेश रोमांस करती नजर आ सकती हैं। पहले निर्माताओं ने रुक्मिणी वसंत को लेने के बारे में विचार किया था, लेकिन बात कुछ जमी नहीं। इसलिए फिर निर्माताओं ने कीर्ति को फिल्म में लेने का मन बनाया और उन्हें फिल्म की कहानी सुनाई। फिल्म की स्क्रिप्ट कीर्ति को बेहद पसंद आई और उन्होंने तुरंत ही फिल्म के लिए हां कह दी।

फिल्म किंगडम में कीर्ति गोदावरी बोली बोलती नजर आएंगी। फिल्म किंगडम की कहानी स्थानीय राजनीति पर आधारित होगी और साथ ही इस फिल्म में आम लोगों से जुड़े कई पहलुओं को भी दिखाया जाएगा। निर्माता दिल राजू इस फिल्म को श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले बनाएंगे। फिल्म की शूटिंग इस गर्मी से शुरू होने की उम्मीद है। एक्शन ड्रामा फिल्म किंगडम 30 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विजय की इस फिल्म का पहला लुक सामने आते ही फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

विजय देवरकोंडा अपनी अगली फिल्म किंगडम के अलावा रवि किरण कोला की फिल्म राउडी जनार्दन में भी नजर आएंगे। इसके अलावा विजय राहुल सांकृत्यायन के साथ भी एक प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं।



# फिल्म 'भूतनी' से पलक तिवारी का फर्स्ट लुक हुआ जारी, करेंगी प्यार की रक्षा



पलक तिवारी सिल्वर स्क्रीन पर फिर से आ रही हैं। इस बार वो एक हॉरर फिल्म के साथ पर्दे पर वापसी कर रही हैं। पलक फिल्म 'भूतनी' में नजर आएंगी। अब फिल्म से पलक का पहला लुक भी सामने आ गया है। जिसमें पलक डरी-सहमी नजर आ रही हैं। लुक के साथ ही पलक के किरदार का नाम भी रिवील कर दिया गया है।

फिल्म के मेकर्स की ओर से पलक तिवारी का पहला लुक जारी किया गया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें पलक तिवारी नजर आ रही हैं। फिल्म में पलक अनन्या नाम का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस पोस्टर में लिखा है, 'पलक तिवारी अनन्या के किरदार में, साथ में लिखा है प्यार की रक्षक।' इस पोस्टर को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, लेकर इश्क की छाया आंखों में और डर का बोझ दिल पर, क्या ये प्यार की रक्षक बच पाएगी मोहब्बत से? पलक के पहले लुक को जारी करने के साथ ही मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज की तारीख भी जारी कर दी है। मेकर्स ने इसी पोस्ट में लिखा है कि ट्रेलर 29 मार्च को सामने आएगा। भूतनी 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पलक का लुक जारी होते ही फैंस में फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। क्योंकि फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। आखिर पलक का किरदार अनन्या किसकी या किस चीज की रक्षा कर रहा है? क्या वह किसी छिपे हुए खतरे से प्यार की रक्षा कर रहा है, या कुछ और अलौकिक खेल चल रहा है? पलक तिवारी ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से की थी। इससे पहले वो हार्डी संधू के गाने 'बिजली-बिजली' में नजर आई थीं।

> फिल्म के मेकर्स की ओर से पलक तिवारी का पहला लुक जारी किया गया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें पलक तिवारी नजर आ रही हैं। फिल्म में पलक अनन्या नाम का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस पोस्टर में लिखा है, 'पलक तिवारी अनन्या के किरदार में, साथ में लिखा है प्यार की रक्षक।' इस पोस्टर को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, लेकर इश्क की छाया आंखों में और डर का बोझ दिल पर, क्या ये प्यार की रक्षक बच पाएगी मोहब्बत से?

## हुए घायल; सामने आईं तस्वीरें

# श्रीलीला से रोमांस करना कार्तिक को पड़ा भारी




अनुराग बसु के निर्देशन में फिल्म की शूटिंग हो रही है, जिसमें कार्तिक और श्रीलीला नजर आएंगे। फिल्म के शूटिंग सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें दोनो कलाकार बाइक का आनंद लेते दिख रहे हैं। वायरल हो रही तस्वीर में एक तस्वीर ने फैंस को चौंका दिया है। पिछले महीने कार्तिक आर्यन और श्रीलीला अभिनीत फिल्म का एक क्लिप आया था, जिसे कोई टाइटल नहीं दिया था। इसी फिल्म की शूटिंग इस वक्त सिलीगुड़ी में चल रही है।

अब शूटिंग सेट से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वायरल हो रही एक तस्वीर में कार्तिक, श्रीलीला को बैठाकर बुलेट चलाते हुए दिख रहे हैं और अभिनेत्री मुस्कुरा रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में अभिनेता के हाथ पर घाव देखा जा सकता है, इस तस्वीर ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है।

पिछले महीने फिल्म का एक क्लिप रिलीज होने के बाद नेटिजंस ने कहा कि आशिकी 3 कमिंग सून। इसकी तुलना उन्होंने आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म आशिकी 2 से किया। हालांकि, निर्माताओं ने फिल्म को लेकर साफ किया कि इसका संबंध आशिकी की फ्रेंचाइजी से नही है। पहले चर्चा थी कि इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के अपोजिट तृप्ति डिमरी को लिया गया है। हालांकि, बाद में उन्हें रिप्लेस कर दिया गया और इस फिल्म में श्रीलीला की एंट्री हो गई। तृप्ति को फिल्म से रिप्लेस किए जाने के बाद कई तरह की अफवाहें सामने आईं पर अनुराग बसु ने उन सभी का खंडन किया।

इस फिल्म में पुष्पा 2 के किसिक गाने से चर्चित अभिनेत्री श्रीलीला और कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में होंगे, जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। अभी इस फिल्म का टाइटल रिलीज नहीं किया गया है।15 फरवरी फिल्म का एक क्लिप रिलीज किया गया था, जिसमें में दोनों कलाकारों को रामांटिक अंदाज में दिखाया गया था।

## मुश्किलों में चियान विक्रम की 'वीरा धीरा सूरन', प्रीमियर शो हुए रद्द!



साउथ अभिनेता चियान विक्रम के फैंस के लिए निराश करने वाली खबर सामने आई है। अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वीरा धीरा सूरन' का यूएसए में प्रीमियर होने वाला था। अब जिसके सभी प्रीमियर शो रद्द कर दिए गए हैं। साथ ही फिल्म कानूनी जटिलताओं में भी फंसी नजर आ रही है। तेलुगु 123 की रिपोर्ट के मुताबिक 'वीरा धीरा सूरन' को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कानूनी जटिलताओं के कारण, हैदराबाद सहित प्रमुख शहरों में पीवीआर आईनॉक्स और कई अन्य मल्टीप्लेक्स चेन से फिल्म के सुबह के शो हटा दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक निर्माता रिया शिबू कानूनी बाधाओं को दूर करने की कोशिश कर रही हैं, उम्मीद है कि यह जल्द ही सुलझ जाएगा। हालांकि, विक्रम के प्रशंसक इससे काफी मायूस हैं। इस मामले को लेकर निर्माताओं की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# 'लापता लेडीज' से आमिर खान का ऑडिशन वीडियो वायरल, यूजर्स बोले- ओवरएक्टिंग



किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' से आमिर खान का ऑडिशन देते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह रवि किशन द्वारा निभाए गए श्याम मनोहर के किरदार में नजर आ रहे हैं। इस ऑडिशन वीडियो में आमिर फिल्म के एक सीन को निभाते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो देखने के बाद नेटिजन्स ने आमिर को ट्रोल कर दिया है।

वीडियो में आमिर को रवि किशन के द्वारा निभाए गए पुलिस वाले किरदार को निभाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स ने इस पर अपना रिएक्शन दिया और कहा कि अच्छा हुआ आमिर ने वह किरदार नहीं निभाया। एक यूजर ने लिखा, यह रवि किशन की एक्टिंग के एक प्रतिशत भी करीब नहीं है। एक अन्य एक्स यूजर ने लिखा, रवि किशन ने शानदार काम किया है। आमिर इस रोल में फिट नहीं बैठते। एक और नेटिजन ने पोस्ट किया, भगवान का शुक्र है कि उन्हें इस भूमिका के लिए नहीं चुना गया। ओवरएक्टिंग। रवि किशन ने उस भूमिका में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। नीचे देखें रिएक्शन-

आमिर खान ने अपने यूट्यूब चैनल आमिर खान टाकीज पर यह वीडियो शेयर किया, जिसके बाद यह तेजी के साथ वायरल हो रहा है। यूजर्स अपना रिएक्शन इस पर दे रहे हैं। आमिर खान ने हाल ही में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जिसमें वह अपनी पुरानी फिल्मों से जुड़े किस्सों को साझा करेंगे। आमिर खान के आगामी कार्यों की बात करें तो वह 'सितारे जमीन पर' नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी।

# 'रेड 2' के मोशन पोस्टर के साथ सामने आई टीजर की रिलीज डेट, आयकर विभाग की छापेमारी पर आधारित फिल्म

अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रेड 2 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म रेड का सीक्वल है। इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अजय ने रेड 2 का एक मोशन पोस्टर जारी किया है, साथ ही टीजर की जानकारी भी दी है।

अजय देवगन ने अपनी आगामी फिल्म रेड 2 को लेकर इंस्टाग्राम पर कुछ ही देर पहले एक मोशन पोस्टर पोस्ट किया है, जिसमें साफ लिखा है कि फिल्म का पहला टीजर कल रिलीज किया जाएगा। हालांकि इसके साथ फिल्म की झलक कितने बजे दिखाई जाएगी, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। अजय ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के मोशन पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, बड़ी बाजी।बड़े



राज। आने वाली है सबसे बड़ी रेड। इसके आगे लिखा, रेड 2 का टीजर कल आएगा। आगे अजय ने फिल्म की रिलीज डेट को लेकर लिखा, आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई, 2025 को। साल 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म रेड का सीक्वल है रेड 2। यह फिल्म आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की वापसी है, जिसे देखने के लिए प्रशंसक कब से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। रेड की तरह ही इसका सीक्वल भी आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए आयकर छापे पर आधारित है, जो सफेदपोश अपराधों पर नजर रखने के लिए खुफिया एजेंसियों के साथ काम करते हैं।

## 2013 बैच के आईएएस अधिकारी एनटीए में 4 साल के लिए संयुक्त निदेशक नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2013 बैच के आईएएस अधिकारी आशीष गुप्ता को उच्च शिक्षा विभाग के तहत राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी में चार साल के लिए संयुक्त निदेशक (उप सचिव स्तर) के रूप में नियुक्त किया गया है । कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, श्री गुप्ता केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत चार साल की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, इस पद पर काम करेंगे।

## अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर बीआईएस की छापेमारी, घटिया क्वालिटी के सामान जब्त किए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने गुरुवार को बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर व्यापक छापेमारी की है और उचित गुणवत्ता प्रमाणपत्र नहीं पाए गए हजारों उत्पादों को जब्त कर लिया है। मोहन सहकारी औद्योगिक क्षेत्र में अमेजन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में 19 मार्च को 15 घंटे की कार्रवाई की। बीआईएस अधिकारियों ने गीजर और फूड मिक्सर सहित 3,500 से अधिक इलेक्ट्रिकल उत्पाद जब्त किए, जिनकी कीमत लगभग 70 लाख रुपये थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि फ्लिपकार्ट की सहायक कंपनी इंस्टाकार्ट सर्विसेज पर एक अलग छापे में बिना आवश्यक विनिर्माण चिह्न वाले 590 जोड़ी स्पोर्ट्स फुटवियर जब्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 6 लाख रुपये थी। यह कार्रवाई गुणवत्ता मानकों को लागू करने के लिए बीआईएस की ओर से चलाए जा रहे व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। पिछले महीने, दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, लखनऊ और श्रीपेरंबदूर सहित कई स्थानों पर इसी तरह की छापेमारी की गई थी। बयान में कहा गया कि ये छापे उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने और उत्पाद गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान में, 769 उत्पाद श्रेणियों को भारतीय विनियामकों से अनिवार्य प्रमाणन की आवश्यकता है। उचित लाइसेंस के बिना इन वस्तुओं को बेचने या वितरित करने पर कानूनी दंड लग सकता है, जिसमें 2016 के बीआईएस अधिनियम के तहत संभावित कारावास और जुर्माना भी शामिल है। अमेजन और फ्लिपकार्ट ने अभी तक छापों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## ई-कॉमर्स की मदद से सशक्त हो रहे छोटे कारोबारी रोजगार के साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेक्नोलॉजी आज केवल प्रोग्रामिंग और कंप्यूटिंग भाषाओं तक ही सीमित नहीं है। इससे परे टेक्नोलॉजी लोगों की समस्याओं को हल करने और जीवन को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण ई-कॉमर्स इंडस्ट्री है, जिसका प्रभाव न केवल व्यवसायों पर बल्कि भारत के लाखों लोगों के जीवन पर भी देखा जा सकता है।

टेक्नोलॉजी, छोटे व्यापारियों की कैसे मदद कर रही है, आइए इसे लखनऊ की यास्मीन अदिल की प्रेरणादायक कहानी से समझते हैं। अदिल फ्लिपकार्ट समर्थ की एक सफल विक्रेता हैं। आपको बता दें कि फ्लिपकार्ट समर्थ अब एक राष्ट्रीय पहल है जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम कारीगरों, बुनकरों और वंचित समुदायों को ई-कॉमर्स के माध्यम से नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह एक समावेशी डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और बेहतर जीवन यापन के काबिल बनाता है। परिवार से दूर होने के कारण, यास्मीन अपना खुद का कुछ करना चाह रही थीं। पहले यह सिर्फ एक रचनात्मक शुरुआत थी, लेकिन जब उनके पति को एक जानलेवा बीमारी हो गई और वे दुबई से भारत लौट आए तो यास्मीन का व्यवसाय हीं उनके परिवार की आय का एकमात्र स्रोत बन गया। यास्मीन उन हजारों उद्यमियों और किसानों में से एक हैं जिन्हें भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने अपने डिजिटल मार्केटप्लेस के माध्यम से वैश्विक बाजार से जुड़ने में मदद की है। यास्मीन थोक विक्रेताओं से कपड़ा खरीदती हैं और इसे उन महिलाओं को देती हैं जो घर पर ही कढ़ाई का काम करती हैं। यास्मीन कहती हैं, यह सिर्फ बिक्री का मामला नहीं है, बल्कि यह सीखने का अवसर है कि एक व्यवसाय को लंबे समय तक कैसे बढ़ाया और बनाए रखा जाए। पेश की गई सुविधाएं जैसे कैश ऑन डिलीवरी, नो-कॉस्ट इएमआई, आसान रिटर्न और यूपीआई भुगतान जैसी सेवाओं ने छोटे विक्रेताओं को एक बड़ी ग्राहक पहुंच दिलाई है। आपको बता दें कि आज फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर 14 लाख से अधिक विक्रेता हैं और यह 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है, जो इसके ग्राहक-केंद्रित इनोवेशन का परिणाम है।

## ओला, उबर की तरह कैब सेवा शुरू करने जा रही सरकार, सहकार टैक्सी योजना से ड्राइवरों से मिलेगी राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार अब ओला और उबर की तरह टैक्सी सेवा शुरू करने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में एलान किया है कि सरकार ड्राइवरों को राहत देने के लिए सहकार टैक्सी योजना शुरू करने जा रही है। इसमें सहकारी समितियां दोपहिया, टैक्सी, रिक्शा और चार पहिया वाहनों को पंजीकृत करा सकेंगीं। लोकसभा में योजना की जानकारी देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के ध्येय पर काम कर रही है। यह केवल एक नारा नहीं है। इसे जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए सहकारिता मंत्रालय पिछले साढ़े तीन साल से काम कर रहा है। जल्द ही आने वाले महीनों में एक बड़ी सहकारी टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। इसका ड्राइवरों को सीधा लाभ मिलेगा। दिसंबर 2024 में सरकार को शिकायत मिली थी कि कैब कंपनियां, विशेषकर उबर और ओला, आईफोन तथा एंड्रॉयड फोन का उपयोग करने वाले ग्राहकों से अलग-अलग किराया वसूल कर रही हैं। इसके बाद केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने दोनों कंपनियों को नोटिस जारी किया था। आरोपों को खारिज करते हुए ओला ने कहा था कि कंपनी के पास सभी ग्राहकों के लिए एक समान मूल्य निर्धारण संरचना है। ओला ने एक बयान में कहा था कि समान सवारी के लिए उपयोगकर्ता के सेलफोन के ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हमने सीसीपीए को यह स्पष्ट कर दिया है, और हम इस संबंध में किसी भी गलतफहमी को दूर करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करेंगे। उबर के प्रवक्ता ने कहा था कि कंपनी सवार के फोन निर्माता के आधार पर कीमतें निर्धारित नहीं करती है। हम किसी भी गलतफहमी को दूर करने के लिए सीसीपीए के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। जबकि उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा था कि सीसीपीए ने राइड बुक करने के लिए भिन्न मूल्य निर्धारण पर कैब एग्रीगेटर्स को नोटिस जारी किया है। सीसीपीए से खाद्य वितरण और ऑनलाइन टिकट-बुकिंग एप सहित अन्य क्षेत्रों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कथित समान प्रथाओं पर भी गौर करने के लिए कहेंगे।

# गंजबासौदा हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासाः चार किन्नर गिरफ्तार, एक फरार

**सुरेंद्रसिंह रघुवंशी गंजबासौदा**



आज थाना गंजबासौदा शहर पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए चार किन्नरों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। यह मामला अपराध क्रमांक 201/2025, धारा 103(1), 3(5) क्ल्हस् के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस जघन्य अपराध के आरोपियों तक पहुंचा गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण :** 14 मार्च 2025 को उप स्टेशन प्रबंधक रेल गंजबासौदा ने सूचना दी कि चरू हह्ल 926 गंजबासौदा-पवई के बीच डाउन लाइन के पास झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। इस सूचना पर थाना गंजबासौदा शहर में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान घटनास्थल के फोटोग्राफ लिए गए, मानचित्र तैयार किया गया और शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल गंजबासौदा भेजा गया। मृतक की पहचान आदर्श विश्वकर्मा (23 वर्ष), निवासी अयोध्या बस्ती, थाना सिविल लाइन, विदिशा के रूप में हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण सिर पर गंभीर चोट, पैरों में फ्रैक्चर और पसलियों के टूटने से हुई चोटें बताया गया। इस मामले एक वायरल वीडियो सामने आने के बाद विश्वकर्मा समाज ने आरोपीयो की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन करते हुए एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौपा था। वही मामला सनसनीखेज होने के चलते पुलिस ने भी अपनी सक्रियता दिखाई, ओर वायरल वीडियो में कुछ किन्नर मृतक आदर्श विश्वकर्मा के साथ चलती ट्रेन गोंडवाना एक्सप्रेस में मारपीट करते दिखाई दिए थे। गहन जांच के बाद अज्ञात किन्नरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

**वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन :** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रम्यांत बौबे और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह परमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

**पुलिस की कार्रवाई :** पुलिस टीम ने भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर किन्नरों की तलाश शुरू की। भोपाल से दिल्ली और होशंगाबाद से रायपुर तक करीब 50 रेलवे स्टेशनों पर 600 सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। सैकड़ों रेलवे वेंडरों और कैटरिंग स्टाफ से पूछताछ के बाद आठ दिनों तक चार पुलिस टीमें लगातार सक्रिय रहीं। मीडिया ग्रुपों में वीडियो संदेश प्रसारित किए गए। अंततः मुखबिर की सूचना पर पानीपत, हरियाणा से चार संदिग्ध किन्नरों- विलाल उर्फ विल्लो (23), बाजिद अली उर्फ तानिया शेख (21), आरिस अंसारी उर्फ छोटी (20) और सोम्या उर्फ सावेज (21) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में इन्होंने अपने फरार साथी सगुन जोया उर्फ लल्ला के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी :** विलाल उर्फ विल्लो, पिता अय्यूब चौधरी, उम्र 23 वर्ष, निवासी कैराना, शामली (उ.प्र.) ।

बाजिद अली उर्फ तानिया शेख, पिता रियासत शेख, उम्र 21 वर्ष, निवासी अकबरपुर सुनहेटिया, शामली (उ.प्र.)

आरिस अंसारी उर्फ छोटी, पिता लियाकत, उम्र 20 वर्ष, निवासी ऑल खुर्द, कैराना, शामली (उ.प्र.)

सोम्या उर्फ सावेज, पिता अफजाल, उम्र 21 वर्ष, निवासी फतेहपुर, शामली (उ.प्र.)

**फरार आरोपी :** सगुन जोया उर्फ लल्ला, निवासी कैराना (उ.प्र.)

**सराहनीय योगदान :** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परमार, प्र.आर. भूपेंद्र चौबे, प्र.आर. राकेश रावत, उनि. गौरव रघुवंशी, प्र.आर. पवन यादव, उनि. रितुराज और उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही।

प्रकरण की विवेचना जारी है और पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है।।

## भिण्ड पशुचिकित्सा विभाग में भ्रष्टाचार की जांच की मांग, प्रभारी उपसंचालक पर गंभीर आरोप

**भोपाल ।** भिण्ड पशुचिकित्सा विभाग के प्रभारी उपसंचालक रघुवीर सिंह भदौरिया पर शासन के करोड़ों रुपये के गबन और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता अनुज कुमार ने राज्य सरकार से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

**आरोपों की गंभीर सूची :** शासकीय योजनाओं में गड़बड़ी- पात्र हितग्राहियों को लाभ न देकर अपने रिश्तेदारों, निजी फार्महाउस कर्मचारियों और दलालों को फायदा पहुंचाना।

सरकारी एंबुलेंस का दुरुपयोग- पशु चिकित्सा की एंबुलेंस का उपयोग निजी फार्महाउस के लिए करना। अनुबंधित सरकारी वाहन का निजी उपयोग- शासकीय वाहन MP04TB1536 का निजी कार्यों और ग्वालियर से अप-डाउन के लिए दुरुपयोग। बिना टेंडर के ठेके- शासकीय अस्पतालों की रंग-रोगन, मेंटेनेंस और अन्य कार्यों को बिना निविदा रिश्तेदारों को देना। कमीशनखोरी- विभिन्न योजनाओं के ठेकों से लाखों रुपये की अवैध उगाही।

कर्मचारियों का शोषण- अधीनस्थ कर्मचारियों पर दबाव डालकर निजी फार्महाउस में काम करवाना।

**क्या है मांग :** शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी को तत्काल निलंबित करने, पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने और उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग की है।

## आईएमएफ समझौते के बाद पाकिस्तान के आम आदमी पर टैक्स का भार बढ़ने का खतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईएमएफ के साथ जलवायु परिवर्तन से जुड़ा एक समझौता होने के बाद पाकिस्तान में आम आदमी के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जानकारों का मानना है कि समझौते के शर्तों के तहत देश के लोगों पर करों का दबाव बढ़ सकता है। उनका कहना है कि पाकिस्तान के लोगों को और अधिक करों के लिए तैयार रहना चाहिए। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ पाकिस्तान ने 1.3 अरब डॉलर का नया समझौता किया है। इससे आम आदमी पर सरकार की ओर से कार्बन शुल्क लगाने की आशंक बढ़ गई है। बुधवार को आईएमएफ के साथ स्टाफ-स्तरीय समझौते (एसएलए) के तहत, ऋणदाता ने पाकिस्तान को पहले से स्वीकृत 7 बिलियन डॉलर के ऋण के तहत लगभग 1 बिलियन डॉलर की दूसरी किश्त जारी करने पर भी सहमति व्यक्त की है। आईएमएफ ने एक बयान में कहा, आईएमएफ की टीम विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत 37 महीने की विस्तारित व्यवस्था की पहली समीक्षा और आईएमएफ की लचीलापन और स्थिरता सुविधा (आरएसएफ) के तहत 28 महीने की नई व्यवस्था पर पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ एसएलए पर पहुंच गई है, जिसमें 28 महीनों में कुल 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पहुंच है।

नवीनतम आरएसएफ व्यवस्था के साथ, आईएमएफ ऋण की संयुक्त मात्रा लगभग 8.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाती है और आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदन के साथ, देश को लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक तत्काल पहुंच प्राप्त होगी। इससे देश के भुगतान संतुलन को मजबूत करने में मदद करेगी।

# भारत में लॉन्च हुई नई डीफेंडर

**मुंबई, एजेंसी।** डीफेंडर ने भारत में अपनी अनस्टॉपेबल 4ङ्म4 फैमिली में सबसे मजबूत, सबसे सक्षम और सबसे लक्ज़री एसयूवी, नई डीफेंडर ऑक्टा का लॉन्च किया है। बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाली इस एडवेंचर आइकन को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि इसके साथ आप बेजोड़ आत्मविश्वास के साथ किसी भी तरह के इलाके पर जीत हासिल कर सकते हैं।4.4 लीटर ट्विन टर्बो माइल्ड-हाइब्रिड वी8 इंजन से पावर्ड ऑक्टा मॉडल अब तक की सबसेचरम और सबसे शक्तिशाली डीफेंडर है, जो 467 और 750 1 तक के टोर्क के साथ 4.0सैकण्ड में 0-100 की स्पीड तक पहुंच जाती है। इसके चेसीज़ कम्पोनेन्ट्स को आधुनिक तकनीक से संशोधित किया गया है, जिसमें शामिल 6 डी डायनामिक्स सस्पेंशन सुनिश्चित करता है कि इसकी डायनामिक क्षमता



नई उंचाईयों तक पहुंच जाए। नई डीफेंडर ऑक्टा का एक्सटीरियर पहले से अधिक बोल्ड और अधिक मजबूत है, जो इसकेकैरेक्टर को बेहद खास बना देता है। राईड की उंचाई को बढ़ाया गया है, इसके स्टांस को चौड़ाकिया गया है और व्हील आर्क को भी बढ़ाकर शानदार लुक दिया गया है। नए डिज़ाइन के बंपरबेहतर दृष्टिकोण और डिपार्चर एंगल देते हैं, जबकि मजबूत अंडरबॉडी सुरक्षा, ड्राइवर कोमुश्किल इलाकों में ड्राइव करने का आत्मविश्वास देती है। इसे किसी भी पिछली डिफेंडर से गहराबनाया गया है- जो एक मीटर तक गहरे पानी में भी जा सकती है।इस अवसर पर राजन अम्बा, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएलआर ने कहा, "डीफेंडर भारत में गेम-चेंजर साबित हुई है, यह न सिर्फ हमारा बेस्ट-सैलिंग मॉडल है बल्कि इस कैटेगरी में सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल भी है। इसके लॉन्च के बाद से मांग में लगातार ज़बरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। इस आइकोनिक वाहन ने मार्केट में अटूट ब्राण्ड इम्पिटी बना ली है, यह उन क्लाइंट्स की उम्मीदों पर खरी उतरती है जो बेजोड़ क्षमता के साथ लक्ज़री एवं एडवेंचर को महत्व देते हैं। आज डीफेंडर ऑक्टा के लॉन्च के साथ हम डीफेंडर फैमिली में सबसे मजबूत और सबसे टिकाउ मॉडल लेकर आए हैं।

## बेसिलिक फ्लाई स्टूडियोः 301 करोड़ की ग्रोथ पाइपलाइन और नई तकनीकों के साथ तेज वैश्विक विस्तार

**मुंबई, एजेंसी।** बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड, जो प्रमुख विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो में से एक है, अपने विकास को जारी रखते हुए 301.3 करोड़ (27.9 मिलियन) की मजबूत बिक्री पाइपलाइन के साथ आगे बढ़ रहा है, जो अक्टूबर 2024 से 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने नेटफ्लिक्स, अँमेझॉन, सोनी और अन्य वैश्विक मीडिया दिग्गजों सहित प्रमुख स्टूडियो से हाई-प्रोफाइल प्रोजेक्ट हासिल किए हैं। नेटफ्लिक्स का कंटेंट खर्च 2025 में .18 बिलियन तक पहुंचने की संभावना है, जो उच्च गुणवत्ता वाले विजुअल इफेक्ट्स की निरंतर मांग को दर्शाता है। कर प्रोत्साहन से उत्पादन को बढ़ावा- ब्रिटिश कोलंबिया ने हॉलीवुड निर्माताओं को बड़ा तोहफा दिया है, जहां प्रमुख स्टूडियो और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के लिए 1 जनवरी 2025 से विदेशी फिल्म कर क्रेडिट को 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 36 प्रतिशत कर दिया गया है। यू.के. फिल्म और हाई-एंड टीवी निवेश- 2024 में लगभग 7 बिलियन तक पहुंच गया, जो हड़ताल प्रभावित 2023 की तुलना में 31त्न अधिक है। मॉर्गन स्टेनली इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट जैसी प्रमुख वित्तीय संस्थाएं वीएफएक्स स्टूडियो में निवेश कर रही हैं, जिससे उद्योग की वृद्धि की संभावनाएं और मजबूत हो रही हैं। बीएफएस ने व्हील ऑफ टाइम - सीजन 3, दी एजेंसी,, और डॉक्टर हु, जैसे प्रमुख हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स सफलतापूर्वक पूरे किए हैं, जिससे ?133 करोड़ (12.3 मिलियन) का राजस्व प्राप्त हुआ। कई उच्च-मूल्य वाले प्रोजेक्ट्स सितंबर 2025 तक डिलीवरी के लिए निर्धारित हैं।बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ, श्री बालकृष्णन ने कहा, वैश्विक विजुअल इफेक्ट्स उद्योग अभूतपूर्व वृद्धि का अनुभव कर रहा है, और हम इस बदलाव के अग्रणी हैं। हमारी बिक्री पाइपलाइन में 40त्न की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि हमारे ग्राहक हम पर कितना भरोसा करते हैं और हमारी क्षमताएं कितनी मजबूत हैं। विश्वस्तरीय नेताओं के साथ उच्च-मूल्य वाले प्रोजेक्ट्स सुरक्षित करके, हम उद्योग में एक पसंदीदा वीएफएक्स पार्टनर के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहे हैं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारा ध्यान उच्च-गुणवत्ता वाले, अत्याधुनिक विजुअल इफेक्ट्स प्रदान करने पर बना हुआ है, जो वैश्विक स्तर पर कहानी कहने के अनुभव को नई ऊंचाइयों तक ले जाए।

## लिवाइस और दिलजीत दोसांझ ईजी इन लिवाइस' के लूज़ फिट्स के साथ लाए आरामदायक एवं कूल परिधान

**मुंबई, एजेंसी।** लिवाइस पेश करते हैं सहज, आसान एवं आइकोनिक लूज़ फिट्स ब्राण्ड लिवाइस अपने नए कैंपेन ईजी इन लिवाइस' के साथ स्टाइल और संस्कृति की सीमाओं को पार करना जारी रखे हुए है। अपने ग्लोबल ब्राण्ड अम्बेसडर, म्युज़िक आइकन एवं फैशन ट्रेलब्लेज़र दिलजीत दोसांझ के साथ यह कैंपेन रिलेक्स एवं लूज़ फिट परिधानों को दर्शाता है जो आत्मविश्वास और आसानी से स्टाइल को सहज बना देते हैं। यह साझेदारी सिर्फ स्टाइल के बारे में ही नहीं है- यह एक सांस्कृतिक पल है। आज के दौर में दिलजीत दोसांझ जैसे कुछ सितारे ट्रैंड्ज़ को नया आयाम दे रहे हैं। सोल्ड-आउट वर्ल्ड टूर से लेकर फिल्म एवं फैशन की तरफ़ दर्शकों को लुभाने तक, उनका प्रभाव सीमाओं से परे है। यह साझेदारी भारत में डेनिम हेरिटेज और आधुनिक स्टाइल के संयोजन के लिए ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डेनिम के ट्रेंड बदल रहे हैं, आज रिलेक्स और ढीले-ढाले परिधान सभी के लिए आकर्षण केन्द्र बन चुके हैं। ऐसे में यह कैंपेन %ईजी इन लिवाइस' नए रिलेक्स एवं लूज़ फिट परिधानों की व्यापक रेंज लेकर आया है, जो पहनने वाले व्यक्ति को आराम के साथ अपनी अभिव्यक्ति में सक्षम बनाते हैं।सदाबहार स्ट्रेट-लैग फिट, 55 रिलेक्स्ड स्ट्रेट रोज़मर्रा के लिए परफेक्ट है, रोज़ाना में इस्तेमाल के लिए बेहद आरामदायक है। 90 से प्रेरित 568 लूज़ स्ट्रेट, स्ट्रेट लैग एवं रिलेक्स फिट में आती है और आसान एवं कूल वाइब्स देती है। इसी तरह 578ज्ञ्? बैगी, इस रेंज का सबसे बोल्ड अवतार है, जो ओवरसाइज़ स्लाउची फिट और स्टैक्ड एंकल के साथ 90 के दशक के स्ट्रीटवियर से प्रेरित है। यह कैंपेन मोंटेज फिल्मों एक सीरीज़ के माध्यम से दिलजीत दोसांझ को उनके कम्फर्ट ज़ोन में दिखाता है, जो लिवाइस0? के लूज़ फिट में आराम से पूरी दुनिया घूम रहे हैं।

# सिहोरा गांव में टीवीएस क्रेडिट का चौपाल' कार्यक्रम : किसानों को मिलेगा नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच और ट्रैक्टर सर्विसिंग

**कुरवाई।** किसानों की सुविधा और उनके सशक्तिकरण के उद्देश्य से टीवीएस क्रेडिट द्वारा एक विशेष 'चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 29 मार्च 2025 को विदिशा जिले के सिहोरा गांव में सुरेंद्र मोटर्स के सहयोग से किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन गांव के सरपंच श्री हीरालाल के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ कृषि से जुड़ी आवश्यक सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराना है।

इस आयोजन में भाग लेने वाले किसानों को मुफ्त आंखों की जांच की सुविधा दी जाएगी, जिससे वे अपनी दृष्टि संबंधी समस्याओं का समाधान कर सकें। इसके अलावा, कृषि कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए नि:शुल्क ट्रैक्टर सर्विसिंग की भी व्यवस्था की गई है, जिससे उनके उपकरण बेहतर स्थिति में रहें और उनकी कार्यक्षमता बनी रहे। इसके साथ ही, पुराने ट्रैक्टर और कृषि उपकरण खरीदने के लिए आसान ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि किसान बिना वित्तीय कठिनाइयों के अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।यह कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा और इसमें भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह पहल किसानों को स्वास्थ्य और कृषि से जुड़े लाभ प्रदान करने के साथ-साथ उनकी उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक साबित होगी। टीवीएस क्रेडिट सभी किसानों और ग्रामीणों से आग्रह करता है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित हों।



स्वामी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक विनोद सिंह तोमर द्वारा तारा ऑफसेट प्रिंटर्स शेड नम्बर 2, बीडीए के सामने, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश से मुद्रित एवं 87,पुट्ठामिट गेट के सामने, छोला रोड, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश से प्रकाशित। संपादक : विनोद सिंह तोमर मो. 7067515898 RNI NO. MPHIN/2015/61965 ( सभी विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र भोपाल न्यायालय के अंतर्गत ही मान्य होगा।)